শৰ্মা হাৰ্ডৱেৰ
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in

हिंदी दैनिक

गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

# विकसित भारत समाचार

वर्ष : 11 | अंक : 187 | गुवाहाटी | शुक्रवार, 7 फरवरी, 2025 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 8 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

चीन में खाद्य संकट गहराया! रेस्टोरेंट्स बंद, मिस्ट्री बॉक्स बने सहारा पेज 2

सीएम हिमंत विश्व शर्मा ने दिसपुर में लोक सेवा भवन में जनता से मुलाकात की पेज 3

जयपुर में टायर फटने से बेकाबू रोडवेज बस कार से टकराई, आठ की मौत पेज 5

11वीं पद्मश्री श्याम लाल मेमोरियल हॉकी टूर्नामेंट 10 फरवरी से... पेज 7

*सीएम के नेतृत्व में राज्य सरकार की ऐतिहासिक उपलब्धि*

## एक लाख करोड़ रुपए के बजट का उपयोग किया



**गुवाहाटी।** मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा के नेतृत्व में असम ने जनवरी के अंत से पहले अपने बजट के 1 लाख करोड़ रुपए का उपयोग करके एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। यह उपलब्धि समावेशी विकास और समृद्ध भविष्य के प्रति राज्य की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। वित्त मंत्री अजंता नियोग के मार्गदर्शन में वित्त विभाग ने कुशलतापूर्वक निधियों का प्रबंधन किया है। इसके अतिरिक्त, पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) लगभग 17,000 करोड़ रुपए के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया है। यह महत्वपूर्ण उपलब्धि असम सरकार की इस प्रतिबद्धता को दर्शाती है कि वह यह सुनिश्चित करेगी कि प्रत्येक रुपया राज्य के विकास और लोगों की बेहतरी के लिए उपयोग किया जाए। इस बीच, असम ने सड़कों और पुलों के निर्माण में उल्लेखनीय प्रगति हासिल की है। मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि राज्य 2021 से औसतन प्रतिदिन एक पुल और लगभग 15 किलोमीटर सड़क का निर्माण कर रहा है। दिसंबर 2024 तक सरकार ने 1,236 पुल और 18,000 किलोमीटर से ज़्यादा सड़कें पूरी कर ली हैं। असम में कुल सड़क नेटवर्क 65,748 किलोमीटर तक फैला है, जिसमें 3,927 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग और 61,820 किलोमीटर सड़कें लोक निर्माण विभाग के अधीन हैं। मुख्यमंत्री ने प्रमुख परियोजनाओं के बारे में भी जानकारी दी, जिसमें गुवाहाटी के आसपास 3,689 करोड़ रुपए की रिंग रोड शामिल है, जिसके लिए बोली प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और एक महीने के भीतर निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। एक अन्य महत्वपूर्ण परियोजना, काजीरंगा में एक एलिवेटेड कॉरिडोर, सार्वजनिक निवेश बोर्ड द्वारा समीक्षा के बाद केंद्रीय मंत्रिमंडल से मंजूरी का इंतजार कर रहा है।

## जापानी प्रतिनिधिमंडल की बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने असम के औद्योगिक क्षमता पर प्रकाश डाला



**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने जापानी प्रतिनिधिमंडल के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक के बाद राज्य की उभरती औद्योगिक क्षमता और एक महत्वपूर्ण निवेश गंतव्य के रूप में इसकी संभावनाओं पर प्रकाश डाला। एशियाई संगम की पहल के तहत असम का दौरा करने वाले प्रतिनिधिमंडल में भारत में जापान के राजदूत के साथ-साथ कई प्रमुख जापानी उद्यमी और बुद्धिजीवी शामिल थे। सीएम शर्मा ने एडवांटेज असम 2.0 के लिए भारतीय और जापानी व्यापार जगत के नेताओं के बीच बढ़ते उत्साह को उजागर किया और इसे असम के औद्योगिक विकास पथ का एक आशाजनक संकेतक बताया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह गति राज्य को भारत के आर्थिक परिदृश्य में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में स्थापित करने में मदद करेगी, जिससे बड़े पैमाने पर निवेश का मार्ग प्रशस्त होगा। इस बीच, मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर अटकलों पर बात करते हुए सीएम शर्मा ने आगामी विधानसभा चुनाव से पहले इस तरह के किसी भी घटनाक्रम की संभावना को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि मैंने निकट भविष्य में मंत्रिमंडल विस्तार के बारे में कुछ नहीं सुना है। विधानसभा चुनाव से पहले मंत्रिमंडल विस्तार की कोई संभावना नहीं है। असम में निवेशक-अनुकूल माहौल को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता की पुष्टि -शेष पृष्ठ दो पर

## नासिक में आठ बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

**मुंबई ( हि.स. )।** नासिक जिले में स्थित मालेगांव के एक निर्माणाधीन इमारत परिसर से पुलिस ने 08 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। इनमें से 3 के पास आधार कार्ड और पैन कार्ड पाए गए हैं। इस मामले में पुलिस बांग्लादेशी नागरिकों को भारत में प्रवेश दिलाने वाले एजेंट की तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार, नासिक पुलिस को मालेगांव में एक निर्माणाधीन इमारत परिसर में बांग्लादेशी नागरिकों के छिपकर काम करने की जानकारी मिली थी। इसी जानकारी के -शेष पृष्ठ दो पर

## मुख्यमंत्री ने की जिला उपायुक्तों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग

*झूमर नृत्य की तैयारियों की समीक्षा की*



**गुवाहाटी ( हि.स. )।** मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने आज लोक सेवा भवन, दिसपुर में राज्य भर के जिला उपायुक्तों के साथ वीडियो कांफ्रेंस की। बैठक में मुख्यमंत्री ने कई महत्वपूर्ण योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की, जिनमें अरुणोदय 3.0, मुख्यमंत्री महिला उद्यमिता अभियान और मुख्यमंत्री आत्मनिर्भर असम अभियान शामिल थे। मुख्यमंत्री ने इन योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन पर जोर देते हुए कहा कि को-जिला उपायुक्त अब अरुणोदय 3.0 योजना की निगरानी समिति में शामिल होंगे और इसे जमीनी स्तर पर सुचारू रूप से लागू करने में अहम भूमिका निभाएंगे। उन्होंने -शेष पृष्ठ दो पर

door graph
Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

### सुप्रभात

*कभी भी यह मत सोचो की तुम्हारे लिए, तुम्हारी आत्मा के लिए कुछ भी नामुमकिन है। यह सोच ही सबसे ज्यादा दुखदायी है।*

**- स्वामी विवेकानंद**

### न्यूज गैलरी

#### एयरफोर्स का फाइटर प्लेन क्रैश, दो पायलट घायल

**शिवपुरी।** मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले के करैरा तहसील के नरवर में भारतीय वायुसेना का एक लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। घटना के अनुसार, विमान ने घरों को बचाते हुए एक खेत में क्रैश लैंडिंग की। गिरते ही विमान में आग लग गई। हादसे में दो पायलट घायल हुए हैं। उन्हें इलाज के -शेष पृष्ठ दो पर

#### प्रवासी मामला विपक्ष ने संसद परिसर में किया प्रदर्शन

**नई दिल्ली ( हि.स. )।** अमेरिका से 104 भारतीयों को *अमानवीय* तरीके से निर्वासित करने के विरोध में विपक्षी सांसदों ने गुरुवार को संसद परिसर में प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन के दौरान कई सांसदों ने हाथों में हथकड़ियां पहन रखी थीं और तख्तियां थाम रखी थीं, जिन पर कई तरह के स्लोगन लिखे हुए थे। इस मौके पर कांग्रेसाध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि हम, -शेष पृष्ठ दो पर

## दिल्ली विस चुनाव : मतगणना कल, सभी तैयारियां पूरी



**नई दिल्ली ( हि.स. )।** दिल्ली विधानसभा चुनाव की मतगणना शनिवार को सुबह आठ बजे शुरू होगी। इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मतगणना के लिए उम्मीदवारों और उनके एजेंटों के दस्तावेजों की जांच पूरी हो गई है। इस बार किसी भी विधानसभा क्षेत्र में पुनर्मतदान की जरूरत नहीं है। दिल्ली की मुख्य निर्वाचन अधिकारी आर. एलिस वाज ने गुरुवार को बताया कि सभी 70 विधानसभा क्षेत्रों के रिटर्निंग अधिकारियों ने सामान्य पर्यवेक्षकों, उम्मीदवारों और उनके एजेंटों की उपस्थिति में चुनाव दस्तावेजों की जांच पूरी कर ली गई है। जांच प्रक्रिया के दौरान चुनाव से संबंधित सभी दस्तावेज सही क्रम में पाए गए। पर्यवेक्षकों, उम्मीदवारों और -शेष पृष्ठ दो पर


*सीएनएक्स एग्जिट पोल का दावा*

## दिल्ली में आप को झटका, भाजपा को 61 सीटें



**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव की 70 सीटों को लेकर बुधवार को मतदान हुआ था। 8 फरवरी को रिजल्ट की घोषणा होगी। उससे पहले सीएनएक्स एग्जिट पोल में दावा किया गया है कि आम आदमी पार्टी को झटका लगेगा, जबकि भाजपा की पूर्ण बहुमत से सरकार बन रही है। एग्जिट पोल का दावा है कि भाजपा को 49.05 फीसदी वोट के साथ 49 से 61 सीटें मिल सकती हैं। वहीं, आम आदमी पार्टी को 41.52 फीसदी वोट के साथ 10 से 19 सीटें मिल सकती हैं। कांग्रेस को 05.37 फीसदी वोट के साथ एक सीट मिल सकती है, जबकि अन्य को 4.06 फीसदी वोट मिल सकते हैं, लेकिन कोई भी सीट नहीं मिलने का दावा किया गया है। एग्जिट पोल में कहा गया है कि आप दिल्ली की मुस्लिम सीटों पर अपनी पकड़ मजबूत कर सकती है। इसका अर्थ है कि मुस्लिम बहुल सीटों पर आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार की भारी मतों से जीत हो सकती है, लेकिन उसके अन्य सीटों पर स्थिति कमजोर होने के आसार हैं और इससे भाजपा मजबूत होकर उभरेगी। आम आदमी पार्टी पर 7.53 फीसदी वोट शेयर की बढ़त के साथ भाजपा ज्यादातर विधानसभा सीटों -शेष पृष्ठ दो पर

## हमारे सात विधायकों को भाजपा ने किया फोन, 15 करोड़ देने की पेश की : आप



**नई दिल्ली।** दिल्ली चुनाव के लिए 70 सीटों पर वोटिंग खत्म हो चुकी है। 2025 के दिल्ली चुनाव के एग्जिट पोल ने भारतीय जनता पार्टी को स्पष्ट लाभ दिया है। हालांकि, शनिवार को वोटों की गिनती होगी। तीसरे कार्यकाल का लक्ष्य लेकर चल रही सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी की उम्मीदों पर पानी फिरता लग रहा है। इन सबके बीच आप सांसद संजय सिंह ने बड़ा दावा किया है। संजय सिंह ने कहा कि आप के सात विधायकों को कुछ भाजपा तत्वों से फोन आए हैं, जिन्होंने उन्हें आम आदमी पार्टी छोड़ने और भाजपा में शामिल होने के लिए 15 करोड़ रुपए देने की पेशकश की है। -शेष पृष्ठ दो पर

## प्रवासन को लेकर नया कानून लाने की तैयारी में सरकार



**नई दिल्ली।** अमेरिका से 104 अवैध अप्रवासी भारतीयों को वापस भेजने को लेकर इस समय विपक्ष सरकार के खिलाफ हमलावर है। इस बीच, सरकार ने बताया है कि वह सुरक्षित और व्यवस्थित प्रवासन के लिए नए कानून पर काम कर रही है। प्रवासन पर प्रस्तावित कानून विदेशी गतिशीलता सुविधा और कल्याण विधेयक, 2024 के बारे में सरकार ने यह जानकारी दी है। यह विधेयक विदेश में रोजगार के लिए सुरक्षित, व्यवस्थित और नियमित प्रवासन को बढ़ावा देगा। इस नए विधेयक के जरिए 1983 के प्रवासन अधिनियम को बदला जाएगा। बता दें कि यह बात कांग्रेस सांसद शशि थरूर की अध्यक्षता वाली विदेश मामलों की संसदीय समिति की रिपोर्ट से सामने आई है। इस रिपोर्ट को -शेष पृष्ठ दो पर

## चुनाव परिणाम आने से पहले ही कांग्रेस में घमासान

**नई दिल्ली।** अभी चुनाव के परिणाम भी सामने नहीं आए हैं, लेकिन इसके पहले ही कांग्रेस में घमासान मच गया है। कांग्रेस के चांदनी चौक सीट से प्रत्याशी मुदित अग्रवाल ने आरोप लगाया है कि शीला दीक्षित के बेटे संदीप दीक्षित ने आम आदमी पार्टी के एक नेता के दबाव में आकर उनका चुनाव कार्यालय बंद करवाने का प्रयास किया। मुदित अग्रवाल ने कहा है कि चुनाव के बीच में संदीप दीक्षित ने उनके पिता और दिल्ली के सबसे वरिष्ठ नेता -शेष पृष्ठ दो पर

## महाकुंभ पहुंचे पाकिस्तानी, लगाए *जय श्रीराम* के नारे



**प्रयागराज।** संगमनगरी में आयोजित महाकुंभ में देश-विदेश से करोड़ों लोग संगम तट पर डुबकी लगाने के लिए पहुंच रहे हैं। इसी कड़ी में पाकिस्तानियों का जत्था भी त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाने के लिए पहुंच रहा है। इस बीच 68 पाकिस्तानी हिंदू संगम में आस्था की डुबकी लगाने के लिए प्रयागराज पहुंच चुके हैं। ये सभी लोग आज यानि गुरुवार को संगम स्नान करेंगे। इन पाकिस्तानी हिंदुओं का भारत में तीन दिनों का कार्यक्रम है। प्रयागराज की धरती पर पहुंचते ही सभी पाकिस्तानी हिंदुओं ने *जय श्रीराम* के नारे लगाए। साथ ही मोदी सरकार की व्यवस्था की भी जमकर तारीफ की। पाक हिंदुओं का कहना है कि सोशल मीडिया पर कुंभ को -शेष पृष्ठ दो पर

## नाइजीरिया के एक स्कूल में लगी भीषण आग, 17 बच्चों की मौत



**अबुजा।** नाइजीरिया के उत्तर-पश्चिमी इलाके में एक बड़े हादसे से पूरा देश दहल गया। नाइजीरिया में स्थित एक इस्लामिक स्कूल में भीषण आग लग गई। इस आग में झुलसने से कम से कम 17 बच्चों की मौत हो गई। आगजनी की घटना के बाद देश के राष्ट्रपति ने चिंता जताई है और जांच का आदेश दिया है। दूसरी ओर, देश की आपातकालीन प्रतिक्रिया एजेंसी की ओर से आग लगने की कारणों की जांच शुरू की गई है। राष्ट्रीय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी की ओर से जारी एक बयान में बताया गया है कि बुधवार को नाइजीरिया के जम्फारा राज्य के कौरा नमोदा जिले के एक -शेष पृष्ठ दो पर

## फिर जला बांग्लादेश, बंगबंधु समेत अवामी लीग नेताओं के घरों में तोड़फोड़ और आगजनी



**ढाका।** बांग्लादेश एक बार फिर हिंसक विरोध प्रदर्शनों की आग में जल रहा है। इसी के चलते बुधवार रात को प्रदर्शनकारियों ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग के कई नेताओं के घरों में तोड़फोड़ की और देश के संस्थापक शेख मुजीबुर रहमान के भित्ती चित्रों को नष्ट कर दिया। इससे पहले, प्रदर्शनकारियों ने ढाका स्थित मुजीबुर रहमान के आवास में भी तोड़फोड़ और आगजनी की थी। यह घटनाएं तब हुई जब शेख हसीना ऑनलाइन अपने संबोधन में जनता से जुड़ रही थीं। सोशल मीडिया पर *बुलडोजर जुलूस* के आह्वान के बाद, ढाका के धनमंडी क्षेत्र में हजारों लोग मुजीबुर रहमान के आवास के बाहर जमा हो गए और इमारत में -शेष पृष्ठ दो पर

### अल्लाह ने मुझे जिंदा रखा तो जरूर कुछ बड़ा काम बाकी है : हसिना

**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने एक बयान जारी कहा कि एक संरचना को नष्ट किया जा सकता है, लेकिन इतिहास को मिटाया नहीं जा सकता। उनका यह भावुक बयान उस समय सामने आया -शेष पृष्ठ दो पर

*रास में पीएम मोदी का विपक्ष पर वार, कहा-*

## कांग्रेस में फैमिली फर्स्ट हमारे लिए देश



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्यसभा में धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा का जवाब दिया। उन्होंने अपने भाषण में कहा, यहां पक्ष और प्रतिपक्ष दोनों तरफ से चर्चा हुई। इसके बाद उन्होंने कहा कि यहां पर *सबका विकास, सबका साथ* इसपर बहुत कुछ कहा गया, ये तो हम सबका दायित्व है, इसलिए तो देश ने हमें यहां बैठना का अवसर दिया है। इसके बाद पीएम मोदी ने अपने भाषण में कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जहां तक कांग्रेस -शेष पृष्ठ दो पर

**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

## विकास कार्य बाधित करने पर तीन के खिलाफ मामला दर्ज

**सोनीपत ( हिंस )।** सोनीपत के गांव बजाना खुर्द में कुछ लोगों ने चौपाल के निर्माण में बाधा डाली और महिला सरपंच को धमकी दी। पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ गन्नौर थाने में विभिन्न धाराओं में तहत केस दर्ज किया है। आरोप है कि ये सरपंच को जान से मारने की धमकियां दी गई है। जानकारी के अनुसार, गन्नौर क्षेत्र के गांव बजाना खुर्द में सांसद कोटे से मिली धनराशि से बनने वाली चौपाल के लिए सभी आवश्यक मंजूरियां मिल चुकी हैं। गांव की सरपंच नीरज शर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव के दीपक, प्रवीन और विजय लगातार निर्माण कार्य में रुकावट डाल रहे हैं। नीलम शर्मा का कहना है कि मुख्य आरोपी दीपक की पत्नी हाल ही में हुए पंचायत चुनाव में सरपंच पद से चुनाव हार गई थीं।

## मुख्यमंत्री भारत रत्न लता मंगेशकर को दी श्रद्धांजलि

**गुवाहाटी ( हिंस )।** असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने भारत रत्न लता मंगेशकर को श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्होंने कहा कि संगीत की सरस्वती लता मंगेशकर का विशाल योगदान प्रत्येक भारतीय के लिए अनंत काल तक एक अमूल्य विरासत बना रहेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनका प्रत्येक गीत एक अनमोल रत्न के समान है। असमिया संगीत को भी समृद्ध करने वाली इस महान गायिका का उनकी पुण्यतिथि पर मैं (मुख्यमंत्री) उनको श्रद्धापूर्वक स्मरण करता हूं।

# चीन में खाद्य संकट गहराया! रेस्टोरेंट्स बंद, *मिस्ट्री बॉक्स* बने सहारा

**बीजिंग।** चीन की बिगड़ती आर्थिक स्थिति और नागरिकों की घटती वित्तीय संसाधनों के बीच, बचे हुए खाने की *मिस्ट्री बॉक्स* का चलन तेजी से बढ़ रहा है, खासकर युवा वर्ग के बीच। यह ट्रेंड डेनमार्क से शुरू हुआ था, जहां टू गुड टू गो ऐप का उपयोग किया गया था, जिसमें बेचे न गए खाने को पैक कर दिया जाता था ताकि उसे बर्बाद होने से बचाया जा सके और ग्राहकों को सस्ते में खाना मिल सके। अब यह ट्रेंड पश्चिमी देशों में लोकप्रिय हो चुका था और अब चीन में भी इसके पैर जमाने शुरू हो गए हैं। यह ट्रेंड चीन के बढ़ते आर्थिक संकट और वहां के नागरिकों के बढ़ते वित्तीय संघर्ष को साफ दर्शाता है। चीन में सेकंडहैंड रेस्टोरेंट उपकरण बेचने वाले डीलर्स, जिन्हें उद्योग के *अंत्येष्टि* के रूप में जाना जाता है, बाजार की वास्तविक स्थिति को साफ तौर पर दर्शाते हैं। 2023 में रेस्टोरेंट बंद होने की दर 2022 के मुकाबले 2.7 गुना बढ़ गई है। इस स्थिति का कारण कई रेस्टोरेंट्स का बंद होना और उपभोक्ता खर्च में भारी कमी है। हाल ही में शंघाई के एक सामुदायिक कैफेटेरिया ने केवल 10 युआन (लगभग .1.40) में *मिस्ट्री बॉक्स* की शुरुआत की। इन बॉक्सों में उस दिन तैयार किए गए, लेकिन बेचे न गए खाने की सामग्रियां जैसे लहसुन के अंकुर, आलू, और करी चिकन के टुकड़े शामिल होते हैं। यह बॉक्स खाने की बर्बादी को कम करने और जरूरतमंद लोगों को सस्ता खाना प्रदान करने के उद्देश्य से तैयार किए जाते हैं। हालांकि, यह बॉक्स सीमित संख्या में होते हैं और देर से आने वाले ग्राहक अक्सर इन्हें नहीं पा पाते हैं। इस पहल ने शंघाई में ग्राहकों के बीच भारी लोकप्रियता हासिल की है, क्योंकि ये बॉक्स आमतौर पर बहुत सस्ते होते हैं और लोग इन्हें बचाए गए खाने का इस्तेमाल रात के खाने के लिए भी करते हैं। कैफेटेरिया का कहना है कि इस पहल ने न केवल खाद्य बर्बादी को कम किया है, बल्कि किचन के कचरे को भी घटाया है और इसे व्यापक प्रशंसा भी मिली है। हालांकि, इन्हें पाने के लिए जल्दी आना जरूरी होता है, क्योंकि इनकी संख्या सीमित रहती है। यह पहल अब चीन के अन्य हिस्सों में भी तेजी से फैल रही है, जो इस बात का संकेत है कि वहां के नागरिक अपनी जिंदगी की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए सस्ते विकल्प की ओर बढ़ रहे हैं। चीन के आर्थिक संकट को लेकर कई नीतियां लागू की गईं हैं, जो नागरिकों को लगातार सस्ते खाने की तलाश में धकेल रही हैं। चीनी सरकार की नीतियों के कारण जीवन यापन की लागत में वृद्धि हुई है और उपभोक्ताओं की खरीद क्षमता घट रही है। चीनी सरकार की नीतियों को लेकर आलोचनाएं भी उठ रही हैं, क्योंकि इसके कारण नागरिकों को अपनी बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। मिस्ट्री बॉक्स की बढ़ती मांग चीन में उपभोक्ताओं की बदलती प्राथमिकताओं और गिरती हुई खरीद क्षमता का स्पष्ट संकेत है। यह सिर्फ एक ट्रेंड नहीं, बल्कि चीन के आर्थिक संकट का परिणाम है, जहां लोग अपनी जीवनशैली को बनाए रखने के लिए बचाए हुए खाने का सहारा ले रहे हैं। चीन के अन्य शहरों, जैसे शेन्ज़ेन में, एक सीफूड बुफे का खर्च सामान्यतः 200 युआन (लगभग 27) होता है। लेकिन हाल ही में, कुछ पांच सितारा होटलों ने मिस्ट्री बॉक्स बुफे वाउचर पेश किए हैं, जो केवल 79 युआन में उपलब्ध हैं। इन वाउचरों के साथ ग्राहक बुफे का आनंद लेते हैं, जिसमें भोजन की लागत सामान्य बुफे की कीमत से आधी या उससे भी कम होती है। इसके अलावा, कुछ होटलों ने सस्ते ब्रेकफास्ट बुफे भी पेश किए हैं, जिनकी कीमत 9.9 युआन प्रति रखी गई है। इस प्रकार के सस्ते विकल्प उपभोक्ताओं की बदलती आदतों और बढ़ते वित्तीय संकट को दर्शाते हैं, जबकि यह भी बताता है कि होटल और अन्य भोजन सेवाएं अपनी बचत के लिए नए तरीके अपना रही हैं। जैसे-जैसे ग्राहक खर्च करने में कमी कर रहे हैं, व्यवसाय इस बदलते माहौल में खुद को ढालने के लिए विविध तरीके अपना रहे हैं। चीन में रेस्टोरेंट्स का बंद होना एक आम बात हो गई है। 2024 के पहले 10 महीनों में, लगभग 1.05 मिलियन रेस्टोरेंट बंद हो गए हैं, जो पिछले साल के मुकाबले अधिक है। इसके अलावा, कई प्रतिष्ठित रेस्टोरेंट और उच्च गुणवत्ता वाले भोजनालयों ने भी अपना कारोबार बंद कर दिया है।

## 2027 में लॉन्च किया जाएगा चंद्रयान-4

*पृथ्वी पर लाए जाएंगे चंद्रमा की चट्टानों के नमूने*



**नई दिल्ली।** भारत ने चंद्रयान 4 को लॉन्च करने की तैयारी कर ली है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने चंद्रयान मिशन 4 को 2027 में लॉन्च किया जाएगा। इस मिशन के जरिये चंद्रमा की चट्टानों के नमूने पृथ्वी पर लाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि चंद्रयान 4 में उच्च क्षमता के एलवीएम 3 रॉकेट दो अलग-अलग प्रक्षेपण के बाद पांच अलग-अलग घटकों को लेकर कक्षा में जाएंगे। इनको पृथ्वी की कक्षा में इकट्ठा किया जाएगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि चंद्रयान 4 मिशन का उद्देश्य चंद्रमा की सतह से नमूने इकट्ठे करके उनको पृथ्वी पर वापस लाना है। गगनयान मिशन को अगले साल लॉन्च किया जाएगा। इसमें भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को विशेष यान से अंतरिक्ष की पृथ्वी की निचली कक्षा में भेजा जाएगा और उन्हें सुरक्षित पृथ्वी पर वापस लाया जाएगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि साल 2026 में भारत समुद्रयान का भी प्रक्षेपण करेगा। इसमें समुद्र तल में खोज करने के लिए तीन वैज्ञानिक एक पनडुब्बी के जरिये छह हजार मीटर की गहराई में जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि गगनयान अंतरिक्ष मिशन सहित भारत के ऐतिहासिक मिशनों की समयसीमा को तय करेगी।

# पृष्ठ एक का शेष

### जापानी प्रतिनिधिमंडल की...

करते हुए, डॉ. शर्मा ने एडवांटेज असम 2.0 के उद्देश्यों पर विस्तार से बताया, इस बात पर जोर देते हुए कि दीर्घकालिक औद्योगिक परिवर्तन किसी एक आयोजन पर निर्भर होने के बजाय सही पारिस्थितिकी तंत्र बनाने में निहित है। उन्होंने कहा कि एक सम्मेलन से परिवर्तन नहीं आता; परिवर्तन सही माहौल से आता है। उन्होंने शिखर सम्मेलन के लिए असम के दृष्टिकोण को रेखांकित करते हुए कहा कि एडवांटेज असम 2.0 के माध्यम से, हमारा लक्ष्य असम को एक शांतिपूर्ण, विरोध-मुक्त और निवेश-अनुकूल राज्य के रूप में पेश करना है। अकेले एक बैठक निवेश नहीं लाती है, लेकिन यह इसके लिए रास्ते खोलती है। इसके अतिरिक्त, मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान स्थिरता बनाए रखने की कड़ी अपील करते हुए कहा कि मैं सभी से अनुरोध करता हूं कि यह सुनिश्चित करें कि एडवांटेज असम 2.0 के दौरान कोई आंदोलन न हो। एडवांटेज असम 2.0, 2018 में अपनी शुरुआत के बाद से अंतर्राष्ट्रीय निवेशक शिखर सम्मेलन का दूसरा संस्करण है, जिसका उद्देश्य वैश्विक निवेशकों को आकर्षित करना और राज्य में बुनियादी ढांचे के विकास में तेजी लाना है। दो दिवसीय इस आयोजन में दुनिया भर से प्रतिभागियों के आने की उम्मीद है, जिससे भारत में एक प्रमुख निवेश गंतव्य के रूप में असम की प्रतिष्ठा मजबूत होगी। यह आयोजन 25-26 फरवरी, 2025 को गुवाहाटी में होगा और इसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे।

### मुख्यमंत्री ने की ...

महिला उद्यमिता और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने वाली योजनाओं की भी समीक्षा की। इसके अलावा, मुख्यमंत्री ने 24 फरवरी को सरूसजाई में आयोजित होने वाले झूमर नृत्य प्रदर्शन पर भी चर्चा की, जिसे विश्व रिकॉर्ड बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने निर्देश दिया कि इस ऐतिहासिक आयोजन का सीधा प्रसारण चाय बागानों में किया जाए, जिससे दूरदराज के इलाकों में रहने वाले लोग भी इस उत्सव का हिस्सा बन सकें। यह आयोजन असम चाय के 200 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में किया जा रहा है। बैठक में कृषि मंत्री अतुल बोरा, स्वास्थ्य मंत्री अशोक सिंघल, राजस्व मंत्री केशव महंत, वस्त्र एवं हस्तशिल्प मंत्री यूजी ब्रह्म, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री जयंत मल्लबरुवा, वित्त मंत्री अजंता नेओग, सांस्कृतिक मामलों के मंत्री बिमल बोरा, पहाड़ी क्षेत्र मंत्री जोगेन मोहन, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री नंदिता गार्लोसा, ऊर्जा मंत्री प्रशांत फूकन, खाद्य, सार्वजनिक वितरण और उपभोक्ता मामले मंत्री कौशिक राय, पशुपालन और पशु चिकित्सा मंत्री कृष्णेंदु पॉल, श्रम कल्याण मंत्री रुपेश ग्वाला, मुख्य सचिव डॉ. रवि कोटा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. केके द्विवेदी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### दिल्ली विस चुनाव ...

प्रतिनिधियों की मौजूदगी ने चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित की। उन्होंने बताया कि मतदान को लेकर पुनर्मतदान की आवश्यकता नहीं पड़ी, क्योंकि जांच के दौरान किसी भी उम्मीदवार से कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई। उन्होंने बताया कि सभी इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) को स्ट्रांग रूम में सुरक्षित तरीके से रखा गया है। दिल्ली में 19 स्थानों पर हर एक विधानसभा क्षेत्र के लिए कुल 70 स्ट्रांग रूम बनाए गए हैं। मतदान किए गए ईवीएम और वीवीपैट की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ईसीआई सुरक्षा प्रोटोकॉल के अनुसार सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। सीईओ वाज ने बताया कि चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों के एजेंटों/प्रतिनिधियों को सीसीटीवी फीड के माध्यम से चौबीस घंटे इन स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था की बारीकी से निगरानी करने की अनुमति है। स्ट्रांग रूम के स्थानों पर उनके आरामदायक रहने के लिए उचित व्यवस्था की जाती है, जहां सीसीटीवी फीड मॉनिटर पर प्रदर्शित होते हैं। उन्हें सुरक्षा उपायों का निरीक्षण करने, सत्यापित करने और आश्वस्त होने के लिए समय-समय पर बैचों में आंतरिक परिधि तक पहुंच की अनुमति भी दी जाती है। उन्होंने बताया कि सुचारू और निष्पक्ष मतगणना प्रक्रिया के लिए सभी व्यवस्थाएं की गई हैं। मतगणना पर्यवेक्षकों, मतगणना सहायकों, माइक्रो ऑब्जर्वर, सांख्यिकी कर्मचारियों और अन्य सहायक कर्मियों सहित लगभग पांच हजार कर्मचारियों को मतगणना प्रक्रिया के लिए तैनात और प्रशिक्षित किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 5 वीवीपीएटी की मतदाता पर्ची की गिनती यादृच्छिक (रैंडम) रूप से की जाएगी। वास्तविक समय के परिणाम ईसीआई की वेबसाइट https://results.eci.gov.in/ से प्राप्त किए जा सकते हैं।

### दिल्ली में आप ...

पर जीत हासिल कर सकती है। एफपीटीपी सिस्टम के अनुसार 5 से सात फीसदी की बढ़त लैंडस्लाइड जीत भाजपा को दिला सकती है। दूसरी ओर, दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा को बढ़त देने वाले एग्जिट पोल को आम आदमी पार्टी ने खारिज कर दिया है। वरिष्ठ आप नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने गुरुवार को इन अनुमानों को खारिज करते हुए इन्हें स्पा और मसाज कंपनियों द्वारा किए गए सर्वेक्षण करार दिया। संजय सिंह ने कहा कि स्पा कंपनियों और मसाज कंपनियों द्वारा किए गए एग्जिट पोल सर्वेक्षणों से आप क्या उम्मीद कर सकते हैं? 8 फरवरी का इंतजार करें और आप निर्णायक बहुमत के साथ सरकार बनाएगी। उन्होंने दावा किया कि लोगों ने बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा में इसकी पहलों सहित आप के शासन मॉडल का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि परिणाम महिलाओं के लिए 2,100 रुपए और बुजुर्गों के लिए संजीवनी योजना सहित हमारे वादों के प्रभाव को दर्शाएंगे। पिछले एग्जिट पोल गलत साबित हुए हैं। दिल्ली विधानसभा चुनाव में कुल 699 उम्मीदवार मैदान में हैं और चुनाव परिणाम आठ फरवरी को घोषित होंगे। चुनाव परिणाम यह तय करेगा कि आप लगातार तीसरी बार सत्ता में आती है या भाजपा 27 साल बाद राष्ट्रीय राजधानी में सत्ता में लौटती है। इस बीच, कांग्रेस ने दिल्ली की राजनीति में अपनी खोई हुई जमीन वापस पाने के लिए हरसंभव प्रयास किया है।

### प्रवासन को लेकर...

सोमवार को संसद में पेश किया गया। अपनी रिपोर्ट में संसदीय पैनल ने यह भी कहा कि इस विधेयक में उन राज्यों में पीओई (प्रवासियों के संरक्षक) कार्यालयों की स्थापना करने का भी प्रावधान किया गया है, जहां ऐसे कार्यालय वर्तमान में मौजूद नहीं हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि अब तक मुंबई, चेन्नई, दिल्ली, कोलकाता, चंडीगढ़, हैदराबाद, कोचीन, तिरुवनंतपुरम, जयपुर, रायबरेली, पटना, बेंगलुरु, गुवाहाटी और रांची में स्थित प्रोटेक्टर ऑफ इमिग्रेंट्स (पीओई) के 14 कार्यालय हैं। पीओई की पहुंच का विस्तार करने के लिए, मंत्रालय ने पटना, बेंगलुरु और गुवाहाटी में अतिरिक्त पीओई कार्यालय स्थापित किए हैं, जो पूरी तरह कार्यात्मक हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि त्रिपुरा, भुवनेश्वर और अहमदाबाद में अतिरिक्त कार्यालयों की योजना बनाई जा रही है। इसके अलावा, समिति ने आग्रह किया है कि भारत से प्रस्थान करने वाले सभी नागरिकों को आव्रजन काउंटरों पर बुनियादी जानकारी दी जानी चाहिए। समिति ने कहा है कि वह चाहती है कि विधेयक की मुख्य विशेषताओं पर परामर्श किया जाए। साथ ही बदली हुई वैश्विक प्रवासन स्थितियों को ध्यान में रखते हुए एक संशोधित अधिनियम समयबद्ध तरीके से लाया जाना चाहिए। इसमें कहा गया है कि इस संबंध में हुई प्रगति के बारे में अपडेट तीन महीने के भीतर समिति को प्रस्तुत किया जा सकता है। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि आंतरिक परामर्श के बाद मसौदे को 15/30 दिनों के लिए सार्वजनिक परामर्श के लिए रखा जाएगा, उसके बाद संशोधित मसौदे पर कैबिनेट नोट के मसौदे के साथ अंतर-मंत्रालयी परामर्श किया जाएगा। मंत्रालय ने यह भी बताया है कि प्रोटेक्टर जनरल ऑफ इमिग्रेंट्स (पीजीई) पूरे भारत में सभी प्रोटेक्टर ऑफ इमिग्रेंट्स (पीओई) कार्यालयों के कामकाज की देखरेख करता है।

### चुनाव परिणाम आने ...

जेपी अग्रवाल पर चुनावों के दौरान मेहनत न करने का आरोप लगाया है। मुदित अग्रवाल के इन आरोपों पर संदीप दीक्षित की कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी। कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने भी इस मामले पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। चांदनी चौक से कांग्रेस प्रत्याशी मुदित अग्रवाल ने गुरुवार को एक बयान जारी कर संदीप दीक्षित पर बेहद गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने (संदीप दीक्षित) अपनी बहन लतिका के माध्यम से जगत सिनेमा के मालिक से कहकर वहां बना उनका चुनाव कार्यालय हटाने का प्रयास किया। अग्रवाल के अनुसार, संदीप दीक्षित को डर था कि यदि वे ऐसा नहीं करते हैं तो उनका अपना नई दिल्ली विधानसभा सीट से चुनाव खराब हो सकता है। आरोप है कि संदीप दीक्षित के चांदनी चौक सीट से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी पुनर्दीप साहनी से बेहतर रिश्ते हैं। दरअसल, दिल्ली कांग्रेस में लंबे समय से गुटबाजी पार्टी के लिए एक बड़ी समस्या बनी हुई है। दिल्ली विधानसभा चुनाव के समय पार्टी ने सभी गुटों को साधने का प्रयास किया, लेकिन इसके बाद भी वह इसमें कामयाब नहीं हो सकी। आरोप है कि संदीप दीक्षित ने चुनाव के बीच 16 जनवरी को मीडिया को दिए एक साक्षात्कार में मुदित अग्रवाल के पिता और पूर्व सांसद जेपी अग्रवाल पर अपेक्षित मेहनत न करने का आरोप लगाया था। अपने पिता पर लगे इस आरोप को मुदित अग्रवाल सहन नहीं कर सके। वे चुनाव तक तो चुप रहे, लेकिन चुनाव बीतते ही मैदान में आ गए और संदीप दीक्षित को घेर लिया। अग्रवाल ने कहा है कि संदीप दीक्षित ने उनके पिता पर लोगों के संपर्क में न रहने का आरोप लगाया है, जबकि पूरी दिल्ली का कार्यकर्ता जानता है कि उनके पिता सबके लिए हमेशा उपलब्ध रहते हैं। यह संदीप दीक्षित ही हैं जिन्होंने कभी दिल्ली में समय नहीं दिया। उन्होंने दीक्षित पर किसी कार्यकर्ता से संपर्क में न रहने का आरोप भी लगाया। मुदित अग्रवाल ने तो यहां तक कहा है कि संदीप दीक्षित ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के पहले दिल्ली कांग्रेस की कमान अपने हाथ में लेना चाहते थे। वे प्रदेश का अध्यक्ष बनना चाहते थे। मुदित अग्रवाल के मुताबिक, संदीप दीक्षित ने उनके पिता से इसके लिए सहयोग भी मांगा था, लेकिन बात न बनने के बाद चुनाव के दौरान उन्होंने जेपी अग्रवाल पर आपत्तिजनक टिप्पणी की।

### महाकुंभ पहुंचे पाकिस्तानी...

लेकर कई तरह की खबरें आ रही थीं, जिसमें यहां की व्यवस्था खराब दिखाई जा रही थी। ऐसा हमें यहां कुछ नहीं मिला। भारत सरकार और प्रशासन की तरफ से बेहतरीन सहयोग मिल रहा है। सरकार और प्रशासन का सहयोग और व्यवस्था काबिले तारीफ है। इन पाकिस्तानी हिंदुओं ने वीजा के लिए भारत सरकार का धन्यवाद किया। पाकिस्तान से आए इस हिंदू जत्थे ने उन लोगों को भी बड़ा संदेश दिया जो लोग प्रयागराज महाकुंभ की व्यवस्थाओं पर सवाल खड़ा कर रहे थे। पाकिस्तान से आया यह 68 हिंदुओं का दल सिंध प्रांत से है। इनमें डॉक्टर, इंजीनियर, बिजनेसमैन शामिल हैं। इस दल में पुरुष और महिलाएं दोनों हैं।

### हमारे सात विधायकों ...

संजय सिंह ने कहा कि हमने विधायकों से कहा है कि वे ऐसे ऑडियो कॉल को रिकॉर्ड करें और इसकी शिकायत करें। अगर कोई उनसे मिले तो छुपे कैमरे से उसका वीडियो बना लें। भाजपा ने वोटों की गिनती से पहले ही अपनी हार मान ली है और देश के बाकी हिस्सों की तरह दिल्ली में भी भाजपा ने पार्टियों को तोड़ने की राजनीति शुरू कर दी है। वहीं, आप नेता सौरभ भारद्वाज ने गुरुवार को कहा कि एग्जिट पोल की उम्र सिर्फ एक दिन है, फिर असली नतीजे घोषित होंगे और अरविंद केजरीवाल आप के नेतृत्व वाली सरकार के मुख्यमंत्री होंगे। उन्होंने कहा कि अगर भाजपा एग्जिट पोल से खुश है तो उन्हें एग्जिट पोल के आधार पर अपनी सरकार बनानी चाहिए, उन्हें सीएम और कुछ मंत्री बनाने चाहिए। इन एग्जिट पोल की उम्र सिर्फ एक दिन है - फिर असली नतीजे घोषित होंगे, अरविंद केजरीवाल सीएम होंगे और आप सरकार बनाएगी। भारद्वाज ने आगे दावा किया कि चुनाव आयोग और अन्य संवैधानिक संस्थाएं जो कभी देश में मौजूद थीं, अब स्पष्ट रूप से सरकार के नियंत्रण में हैं। उन्होंने कहा कि ये संस्थाएं अब ज्यादातर भाजपा के विभागों की तरह काम करती हैं। इससे हमारी लोकतांत्रिक जड़ें कमजोर हुई हैं। आप सांसद मालविंदर सिंह कांग ने भरोसा जताया और कहा कि दिल्ली की जनता आम आदमी पार्टी को चुनेगी। उन्होंने कहा कि पहले दिन से हमने अरविंद केजरीवाल के 10 साल के काम के आधार पर चुनाव लड़ा।

### नाइजीरिया के एक ...

इस्लामिक स्कूल में आग लग गई। जब स्कूल में आग लगी, उस समय स्कूल में करीब 100 बच्चे मौजूद थे। इस आग में कम से कम 17 बच्चों की मौत हो गई है, जबकि एजेंसी ने कहा सत्रह बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। उन बच्चों का जिले के विभिन्न अस्पतालों में चिकित्सा चल रही है। एजेंसी की ओर से कहा गया है कि हालांकि अभी यह साफ नहीं हो पाया है कि स्कूल में आग किस वजह से लगी। हालांकि, प्रारंभिक निष्कर्षों से यह जानकारी मिली है कि आग मौखिक स्वच्छता के लिए इस्तेमाल की जाने वाली छड़ियों के ढेर की वजह से लगी है। इसे स्थानीय रूप से *कारा* के नाम से जाना जाता है। इसे स्कूल के आसपास इकट्ठा की गई थी। नाइजीरियाई राष्ट्रपति बोला टीनूबू ने आग लगने की घटना पर चिंता जताई है और पीड़ितों के परिवारों के प्रति संवेदना जताते हुए कहा कि वह पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्ति करते हैं। उन्होंने स्कूलों से बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने की अपील की। नाइजीरिया में स्कूलों में आग लगने की घटना से पूरे देश में चिंता है। इससे पहले ही एक स्कूल में आग लग चुकी है। पिछले महीने, नाइजीरिया की राजधानी अबुजा के बाहरी इलाके में एक स्कूल में एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस में विस्फोट हुआ, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए थे। पिछली घटनाओं के लिए सरकार की ओर से नाइजीरिया के सुरक्षित स्कूल पहल के तहत सिफारिशों को लागू करने में विफलता को जिम्मेदार ठहराया गया है, जिसे स्कूलों और छात्रों की सुरक्षा के लिए 2014 में तैयार किया गया था। टीनूबू ने विनियामक अधिकारियों को निर्देश का अनुपालन सुनिश्चित करने का आदेश दिया।

### फिर जला बांग्लादेश...

तोड़फोड़ और आगजनी की। इसके बाद, प्रदर्शनकारियों ने बुलडोजर से इमारत को गिराना शुरू कर दिया, जो बृहस्पतिवार सुबह तक जारी रहा। मुजीबुर रहमान का यह आवास अब एक स्मारक संग्रहालय में तब्दील कर दिया गया था। खबरों के अनुसार, प्रदर्शनकारियों ने हसीना के घर *सुधा सदन* में भी आग लगा दी। हसीना का यह घर पिछले साल पांच अगस्त को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद से खाली पड़ा था। इसके अलावा, प्रदर्शनकारियों ने खुलना में हसीना के चचेरे भाई शेख हलाल उद्दीन और शेख सलाउद्दीन ज्वेल के घरों में भी तोड़फोड़ की। इस दौरान, उन्होंने *दिल्ली या ढाका-ढाका, ढाका* और *मुजीबवाद मुर्दाबाद* जैसे नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों ने ढाका विश्वविद्यालय के *बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान हॉल* से रहमान का नाम भी हटा दिया। कुश्तिया में अवामी लीग के नेता महबूबुल आलम हनीफ और सदर खान के घरों में तोड़फोड़ की गई। चटगांव में हसीना के संबोधन के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए मशाल जुलूस निकाला गया और मुजीबुर रहमान के भित्ती चित्रों को विरूपित किया। सिलहट के बंदर बाजार में छात्रों ने स्टूडेंट्स अगेंस्ट डिस्क्रिमिनेशन के तहत रैली निकाली और धरना दिया। रंगपुर में प्रदर्शनकारियों ने बेगम रुकैया विश्वविद्यालय में मुजीबुर रहमान के भित्तिचित्र को नुकसान पहुंचाया। एक अखबार के अनुसार, बुधवार रात करीब 11.30 बजे मैमनसिंह में सर्किट हाउस मैदान के पास मुजीबुर रहमान के भित्तिचित्र को हथौड़ों से क्षतिग्रस्त कर दिया गया। इसके अलावा, चुड़ांग के उपायुक्त कार्यालय में भी प्रदर्शनकारियों ने मुजीबुर रहमान और उनकी पत्नी फजीलातुन्नेसा मुजीब के भित्ती चित्रों को नष्ट कर दिया। किशोरगंज के भैरब में अवामी लीग के उपजिला कार्यालय और उपजिला परिषद में मुजीबुर रहमान के भित्तिचित्रों को भी नुकसान पहुंचाया गया।

### अल्लाह ने मुझे ...

जब ढाका में सैकड़ों प्रदर्शनकारियों ने उनके पिता और बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीबुर्रहमान के आवास को आग के हवाले कर दिया। शेख हसीना ने इस घटना को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की, क्योंकि यह घर बांग्लादेश की स्वतंत्रता संघर्ष का प्रतीक था। शेख हसीना ने अपने ऑनलाइन संबोधन में कहा कि क्या डर है एक घर से? क्या मैंने अपने देश के लिए कुछ नहीं किया? फिर इस अपमान का कारण क्या है? उन्होंने आगे कहा कि यह घर उनके और उनकी बहन के लिए शेष बची एकमात्र याद थी, और इस प्रकार से इसका नष्ट होना उन्हें व्यक्तिगत रूप से बहुत दुखी करता है। उनका यह बयान बांग्लादेश के इतिहास और उनके पिता की स्वतंत्रता संग्राम की धरोहर के महत्व को दर्शाता है। उन्होंने इस हमले के बारे में चेतावनी दी कि एक संरचना को नष्ट किया जा सकता है, लेकिन इतिहास को मिटाया नहीं जा सकता। शेख हसीना ने ऐतिहासिक संदर्भ में यह भी कहा कि इतिहास खुद को सुधारता है और समय के साथ बदला लेता है। उनका इशारा उस घटना की ओर था, जिसमें उनके पिता शेख मुजीबुर्रहमान ने बांग्लादेश की स्वतंत्रता संग्राम का नेतृत्व किया था। यह घर बांग्लादेश के स्वतंत्रता संग्राम का प्रतीक था, और शेख हसीना ने इसे संग्रहालय में तब्दील कर दिया था ताकि आने वाली पीढ़ियां इसे देख सकें और बांग्लादेश की स्वतंत्रता संग्राम को समझ सकें। बांग्लादेश में हाल के दिनों में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए थे, जिसमें प्रदर्शनकारियों ने शेख मुजीबुर्रहमान के घर पर हमला कर उसे आग के हवाले कर दिया। यह घर ढाका के ऐतिहासिक स्थानों में से एक है और बांग्लादेश की स्वतंत्रता संग्राम के प्रतीक के रूप में जाना जाता है। शेख मुजीबुर्रहमान ने यहीं से बांग्लादेश के स्वतंत्रता संग्राम का नेतृत्व किया था और यहीं से उन्हें *बंगबंधु* (बांग्लादेश का मित्र) के रूप में सम्मानित किया गया था। शेख हसीना ने इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि इतिहास को मिटाने की कोशिशें कभी सफल नहीं हो सकतीं। ये प्रयास केवल असफल होंगे, क्योंकि बांग्लादेश की स्वतंत्रता और हमारे पिता की धरोहर हमेशा जिंदा रहेगी। शेख हसीना ने अपने व्यक्तिगत अनुभवों का भी जिक्र किया और कहा कि उनके ऊपर कई बार हत्या के प्रयास हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि अगर अल्लाह ने मुझे इन हमलों से जीवित रखा है, तो इसका मतलब है कि मेरे लिए कुछ काम बाकी है। अन्यथा, मैं कई बार मौत से कैसे बच सकती थी? शेख हसीना का यह बयान उनकी साहसिकता और संघर्ष के प्रतीक के रूप में देखा जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि उनका जीवन अब सिर्फ बांग्लादेश के इतिहास और समाज के लिए काम करने का है। शेख हसीना ने बांग्लादेश के वर्तमान संकट के पीछे एक साजिश होने का आरोप लगाया और इसके मुख्य कर्ता के रूप में मुहम्मद यूनुस का नाम लिया। उन्होंने कहा कि यह साजिश बांग्लादेश की राजनीति को अस्थिर करने के लिए रची गई है। उनका यह आरोप उस समय सामने आया जब बांग्लादेश में राजनीतिक अस्थिरता और हिंसक प्रदर्शन बढ़ रहे थे।

### कांग्रेस में फैमिली...

का सवाल है, जहां एक दल एक परिवार को समर्पित हो गया है, उसके लिए सबका विकास, सबका साथ संभव ही नहीं है। पीएम ने कहा कि जनता ने हमारे विकास के मॉडल को परखा और समझा। जनता ने हमारे विकास के मॉडल को समर्थन दिया। हमारा मॉडल नेशन फर्स्ट है। कांग्रेस का फैमिली फर्स्ट। कांग्रेस में झूठ, फरेब, तुष्टिकरण का घालमेल। साल 2014 में देश को नए मॉडल का विकल्प मिला। कांग्रेस के काल तुष्टिकरण की राजनीति चरम पर थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगे, ओबीसी आयोग को संवैधानिक दर्जा देने की बात भी की। उन्होंने कहा कि हमने ओबीसी आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया। हम जनता जनार्दन को पूजने वाले लोग हैं। आपस में दुश्मनी कराने के तरीके अपनाए जाते थे। हमने सामान्य वर्ग के गरीब को भी 10 प्रतिशत आरक्षण दिया।

### एयरफोर्स का फाइटर...

लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना के कारणों की जांच के लिए वायुसेना के अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। विमान हादसा नरवर तहसील के दबरासानी गांव में गुरुवार दोपहर हुआ। इस लड़ाकू विमान ने दिन में ग्वालियर स्थित वायुसेना के हवाईअड्डे से उड़ान भरी थी। जो ग्वालियर संभाग के शिवपुरी जिले में एक खेत में गिर गया और गिरते ही उसमें आग लग गई। इसके पहले ही दोनों पायलट विमान से पैराशूट की मदद से कूदने में सफल रहे। विमान का मलबा खेत में बिखर गया और उसमें आग लग गयी। घटना के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण घटना स्थल के पास पहुंच गए। शिवपुरी के पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ ने बताया कि शिवपुरी जिले के नरवर विकासखंड के पपरेडू ग्राम में वायुसेना का एक लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

### प्रवासी मामला विपक्ष ...

इंडी गठबंधन (आईएनडीआईए) के दल भारतीय नागरिकों का अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे। मोदी सरकार को निर्वासन पर एक विस्तृत बयान जारी करके बताना चाहिए कि हमने भारतीयों को सम्मान और गरिमा के साथ वापस लाने के लिए अपने स्वयं के विमान क्यों नहीं भेजे, बजाय इसके कि हमारी धरती पर एक सैन्य विमान उतरे। राहुल गांधी ने कहा कि अमेरिका ने सैन्य विमान से बेड़ियों में बांधकर भारतीय नागरिकों को वापस भेजा, जो हर भारतीय और भारत का अपमान है। वायनाड से सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि बहुत बात की गई थी कि मोदी और ट्रंप बहुत अच्छे मित्र हैं, फिर मोदी जी ने ऐसा क्यों होने दिया? क्या इंसानों के साथ ऐसा व्यवहार किया जाता है कि उनको हथकड़ियां और बेड़ियां पहनाकर भेजा जाए? ये कोई तरीका है...प्रधानमंत्री को जवाब देना चाहिए। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि जो लोग भारत को विश्वगुरु बनाने का सपना दिखा रहे थे, वे अब चुप क्यों हैं? भारतीय नागरिकों को गुलामों की तरह हथकड़ी लगाकर और अमानवीय परिस्थितियों में भारत भेजा जा रहा है। विदेश मंत्रालय क्या कर रहा है? बच्चों और महिलाओं को इस अपमान से बचाने के लिए सरकार ने क्या किया?

### नासिक में आठ...

आधार पर पुलिस ने यहां वेश बदलकर मजदूर के रूप में काम किया और बांग्लादेशी नागरिकों को चिन्हित किया। इनमें से एक पिछले 12 वर्षों से भारत में अवैध रूप से रह रहा है। अन्य लोग कुछ महीने पहले नासिक पहुंचे है। पुलिस को संदेह है कि इन बांग्लादेशी नागरिकों को भारत भेजने वाला एक रैकेट है और वे पश्चिम बंगाल के एजेंटों के माध्यम से भारत में प्रवेश कर रहे हैं। पुलिस ने नासिक से गिरफ्तार नागरिकों को शरण देने, फर्जी दस्तावेज उपलब्ध कराने और नौकरी दिलाने वालों की जांच शुरू कर दी है। इस मामले में गिरफ्तार बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान सुमन कलम गाजी (27), अब्दुल्ला अलीम मंडल (30), शाहीन मफिजुल मंडल (23), लासेल नूराली शांतार (23), असद अरशद अली मुल्ला (30), आलिम सुआंखान मंडल (32), अल-अमीन अमीनुर शेख (22), मोसिन मौफिजुल मुल्ला (22) के रूप में की गई है। इन सभी आरोपितों को वापस बांग्लादेश भेजने की प्रक्रिया जारी है।

## सीएम हिमंत विश्व शर्मा ने दिसपुर में लोक सेवा भवन में जनता से मुलाकात की



**गुवाहाटी।** जनसेवक के रूप में लोगों से जुड़ने के एक महत्वपूर्ण कदम के तहत, असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने गुरुवार, 6 जनवरी को दिसपुर के लोक सेवा भवन में सभी क्षेत्रों के 30 से अधिक लोगों से मुलाकात की। मुख्यमंत्री शर्मा ने विभिन्न मुद्दों पर उनसे बातचीत की, उनकी चिंताओं को दूर किया और उन्हें शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। वह बेहतर और उज्जवल भविष्य के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध हैं। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने वर्ष 2011 में गुवाहाटी के दिसपुर में असम सचिवालय में एक नए ब्लॉक का उद्घाटन किया था। निर्मित *आई* ब्लॉक का उद्देश्य आम जनता की जरूरतों को पूरा करना है। मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव के कार्यालय अपने नए परिचालन आधार के रूप में भवन में चले जाएंगे। मुख्यमंत्री शर्मा ने दावा किया कि चूंकि यह कार्यालय लोगों के मुद्दों पर गौर करेगा, इसलिए इसका नाम *लोक सेवा भवन* रखा गया है। मुख्यमंत्री शर्मा ने यह भी उम्मीद जताई कि यह नया कार्यालय न केवल प्रशासनिक दक्षता को बढ़ाएगा बल्कि आधिकारिक प्रक्रियाओं के निर्बाध निष्पादन में भी मदद करेगा। इस बीच, मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने जनवरी की शुरुआत में राज्य के विकास को लेकर भाजपा और उसके सहयोगी दलों के सांसदों और विधायकों के साथ बैठक की थी। असम में भाजपा के दो सहयोगी दल हैं- असम गण परिषद (एजीपी) और यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी लिबरल (यूपीपीएल)। बैठक में इन दोनों दलों के मंत्री, विधायक और सांसद मौजूद थे।

## बखराखुटी में जंगली हाथी के हमले में एक की मौत, एक घायल

**ग्वालपारा ( हिंस )।** जिले के धनुभांगा के बखराखुटी में मंगलवार को जंगली हाथी के हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई। इसके अलावा एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। ग्रामीणों के अनुसार बखराखुटी में पद्मलोचन राभा (35) और नवीन राभा खेत में अपने पशुओं को चरने के लिए छोड़ने जा रहे थे। तभी जंगली हाथी ने उन दोनों पर हमला कर दिया। हाथी के हमले में पद्मलोचन राभा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि नवीन राभा गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल नवीन राभा को ग्वालपारा सदर अस्पताल पहुंचाया गया है। दिन के समय जंगली हाथी के हमले की घटना से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया।

## बागी बने कृषि उद्यमी माजुली के किसानों की परिवर्तनकारी यात्रा : मुख्यमंत्री



**गुवाहाटी ( हिंस )।** असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने गुरुवार को माजुली के किसानों की प्रेरणादायक यात्रा साझा की। उन्होंने बताया कि माजुली के कारगिल चापरी से 31 युवा, जो कभी हथियार उठाकर घर छोड़ चुके थे, अब मुख्यधारा में लौट आए हैं। ये युवा 208 बीघा जमीन पर कृषि क्रांति का नेतृत्व कर रहे हैं और युवाओं के लिए एक मिसाल पेश कर रहे हैं।

## मुख्यमंत्री ने जोरहाट विधायक के पत्र को किया अग्रसारित

**जोरहाट ( हिंस )।** मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने जोरहाट के विधायक तथा असम विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हितेंद्रनाथ गोस्वामी द्वारा प्रस्तावित एटी रोड फ्लाईओवर के समर्थन में भेजा गये पत्र को अग्रसारित किया है। इस बीच हितेंद्रनाथ गोस्वामी द्वारा प्रेषित पत्र के संदर्भ में प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय द्वारा गुरुवार को जानकारी दी गई कि जोरहाट लोकसभा क्षेत्र के सांसद गौरव गोगोई ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए स्थानीय जनता से प्राप्त एक ज्ञापन भेजा है। कांग्रेस पार्टी भी फ्लाईओवर को लेकर अपनी संजीदगी दिखा रही है।

## सड़क दुर्घटना में पिता-पुत्र की मौत

**हैलाकांदी ( हिंस )।** हैलाकांदी में राष्ट्रीय राजमार्ग-6 पर गुरुवार को एक ट्रिपर ने बाइक को टक्कर मार दी।इस दुर्घटना में बाइक सवार पिता-पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने आक्रोश व्यक्त कर राजमार्गपर जाम लगा दिया। बाउरघाट क्षेत्र में राजमार्ग पर एक तेज रफ्तार ट्रिपर और बाइक की आमने-सामने की टक्कर हो गई।इस दुर्घटना में बाइकसवार सालेह अहमद बरभुइयां और उनके नौ वर्षीय बेटे की मौके पर मौत हो गई। दुर्घटना के बाद ट्रिपर चालक मौके से फरारहो गया। आक्रोशित स्थानीय लोगों ने राष्ट्रीय राजमार्ग को अवरुद्ध कर अपना विरोध व्यक्त किया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाकर शांत कराया। पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल में भेज दिया है। पुलिस आरोपित टिपर चालक को तलाश कर रही है।

## श्रीमंत शंकरदेव संघ का 94वां वार्षिक अधिवेशन प्रारंभ मुख्यमंत्री ने दी शुभकामनाएं

**गुवाहाटी ( हिंस )।** असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि महापुरुष श्रीमंत शंकरदेव गुरुजन के आदर्श, सृजन और अमृत वाणी युगों-युगों से हमें एकता के सूत्र में बांधने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रीमंत शंकरदेव संघ जन्म से ही उनके आदर्शों और अन्य योगदानों के प्रचार-प्रसार के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। आज से जोरहाट में चार दिवसीय भव्य कार्यक्रम के साथ श्रीमंत शंकरदेव संघ का 94वां वार्षिक अधिवेशन शुरू हो गया है। उन्होंने इस आयोजन की सफलता की कामना करते हुए संघ से जुड़े सभी सदस्यों को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

## एसटीएफ ने अवैध हथियारों के साथ तीन को किया गिरफ्तार



**गुवाहाटी ( हिंस )।** असम एसटीएफ ने गुरुवार की सुबह खुफिया सूचना के आधार पर शोणितपुर जिले के ढेकियाजुली थाना क्षेत्र के हरासतापु, मुस्लिम चापोरी में छापा मारा। डीएसपी सत्येंद्र सिंह हजारी के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। छापे में एक एचके 33 असॉल्ट राइफल, 30 कारतूस, तीन मोबाइल फोन, एक बोलेरो कार और एक रॉयल एनफील्ड मोटरसाइकिल बरामद हुई। गिरफ्तार व्यक्तियों में मतीबुर रहमान (26) और जुल्फिकार अली (32) तथा सहिदुल इस्लाम (30) शामिल हैं। सभी आरोपियों और जब्त सामान को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए ढेकियाजुली पुलिस को एसटीएफ ने सौंप दिया है।

## असम में 14 फरवरी तक होगा 433 मंडल और 39 जिला समितियों का गठन

**गुवाहाटी ( हिंस )।** संगठन पर्व के मद्देनजर राज्य की सत्ताधारी भाजपा ने आगामी 7 फरवरी तक मंडल समितियों और 14 फरवरी तक सभी जिला समितियों के गठन करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। भाजपा के नए निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष सांसद दिलीप सैकिया ने पहले ही राज्य के 10 वरिष्ठ नेताओं को जिला समितियों के गठन के लिए पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त किया है। गुरुवार को प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता सुभाष दत्ता ने कहा कि जिन नेताओं को 14 फरवरी तक असम के अधिकांश जिला समितियों को मजबूत करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है, उनमें असम सरकार के मंत्री रंजीत कुमार दास, मंत्री प्रशांत फुकन, मंत्री पीयुष हजारिका, मंत्री जयंत मल्ल बरुवा, मंत्री जोगेन महन, मंत्री कौशिक राय, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भवेश कलिता, प्रदेश महासचिव पुलक गौहाईं, दिप्लू रंजन शर्मा और पूर्व सांसद पल्लव लोचन दास शामिल हैं। यह लोग पर्यवेक्षकों के रूप में भाजपा के संविधान के अनुसार एक पूर्ण जिला समिति का गठन करेंगे। भाजपा प्रवक्ता ने बताया कि इससे पूर्व नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष सैकिया ने पहले ही नवनिर्वाचित जिला अध्यक्षों, जिला प्रभारी, जिला सह-प्रभारी, सांसदों, विधायकों को असम के 433 मंडलों की पूर्ण समितियों का गठन करने के लिए 7 फरवरी तक का कार्य सौंपा है। भाजपा ने पहले ही पार्टी के विभिन्न स्तरों पर चुनाव प्रक्रिया पूरी कर ली है और प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष के रूप में सांसद दिलीप सैकिया ने असम के 39 जिलों के 433 मंडलों में गतिशील नेतृत्व के साथ मजबूत समितियों का गठन करके जमीन स्तर से पार्टी संगठन को समग्र और सर्वव्यापी तरीके से आगे बढ़ाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।



## सोनापुर पुलिस ने दो ड्रग्स तस्करों को किया गिरफ्तार



**गुवाहाटी ( हिंस )।** गुवाहाटी की सोनापुर थाना की टीम ने बीती रात दो ड्रग्स तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान विक्की लिंगबोह (24) और रिकी खरसिंथिएन (24) के रूप में हुई है। दोनों तस्करों के पास से 12 ग्राम हेरोइन (एक डिब्बे में सील), एक मोबाइल फोन, एक बाइक और 13,140 रुपये नकद बरामद किए गए। पुलिस इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच जारी रखे हुए है।

## मेंदीपथार रेलवे स्टेशन पर मालगाड़ी का पहला रेक अनलोड

**गुवाहाटी ( हिंस )।** पूर्वोत्तर क्षेत्र में रेलवे लॉजिस्टिक्स के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि के रूप में, पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (पूसीरे) के रंगिया मंडल के अधीन मेघालय स्थित मेंदीपथार रेलवे स्टेशन में बीते 4 फरवरी को मालगाड़ी का पहला रेक अनलोड किया गया। भारतीय खाद्य निगम के लिए खाद्यान्न के 21 वैगनों वाला यह रेक सुबह 09-20 बजे मेंदीपाथर स्टेशन पर पहुंचा और इसे 09-40 बजे अनलोडिंग के लिए रखा गया। इस प्रकार मेघालय में पहली बार मालगाड़ी अनलोड हुआ। पूसीरे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कपिंजल किशोर शर्मा ने आज बताया है कि 29 अगस्त, 2014 से सेवा दे रही मेंदीपाथर रेलवे स्टेशन मेघालय का पहला रेलवे स्टेशन है। यह चार लाइनों और मालगाड़ियों की हैंडलिंग के लिए एक विशाल माल परिवहन क्षेत्र से सुसज्जित है। यह माइलस्टोन स्टेशन के लिए स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने और इस क्षेत्र में आवश्यक वस्तुओं की सुचारू आवाजाही को सुविधाजनक बनाने के अपने लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह स्टेशन पर ट्रकों, मजदूरों और माल हैंडलिंग की विशेषज्ञता सहित सहायक सेवाओं की तैयारी और उपलब्धता को भी दर्शाता है। माल की सुचारू और कुशल आवाजाही की प्रक्रिया पूसीरे के समग्र प्रदर्शन को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। पूसीरे की पूरी टीम बेहतर तकनीक, तेज आवाजाही और पूरे क्षेत्र में माल के अधिक कुशल प्रवाह के माध्यम से इस क्षेत्र में लॉजिस्टिक्स दक्षता में सुधार करने को प्रतिबद्ध है। मेंदीपाथर रेलवे स्टेशन मेघालय में माल ढुलाई के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में उभरने की उम्मीद है, जो राज्य के विकास में योगदान देते हुए पूर्वोत्तर क्षेत्र में रेलवे नेटवर्क को मजबूती प्रदान करेगा।




## रंगिया महाविद्यालय की निकली सांस्कृतिक रैली



**रंगिया।** आज रंगिया में एक असाधारण दृश्य देखा गया। रंगिया कॉलेज के छात्रों ने असमियों की कला और संस्कृति को प्रदर्शित करते हुए एक सांस्कृतिक जुलूस निकाला। यह सांस्कृतिक जुलूस वार्षिक कॉलेज सप्ताह के साथ मेल खाने के लिए निकाला जाता है। कॉलेज के विभिन्न विभागों के छात्रों ने विभिन्न विषयों के साथ इस जुलूस में भाग लिया। रंगिया कॉलेज असम के प्रमुख कॉलेजों में से एक स्थानप्राप्त है। हर साल की तरह, रंगिया कॉलेज के छात्र इस तरह की अभूतपुर्व सांस्कृतिक जुलूस निकालते आये हैं। (नि सं)

## गौशाला में राधाकृष्ण मंदिर का सात दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव जारी

### भगवान श्री राधाकृष्ण के विग्रहों का मंत्रोंचार के बीच हुआ जलाधिवास



**गुवाहाटी।** आठगांव स्थित श्री गौहाटी गौशाला प्रांगण में नवनिर्मित श्रीश्री राधाकृष्ण मंदिर का सात दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के तृतीय दिवस बृहस्पतिवार को जलाधिवास का आयोजन किया गया। प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के तृतीय दिवस आज प्रात: श्री गणेश पूजन से किया गया। तत्पश्चात मंडप पूजन और राधाकृष्णा महायज्ञ, वास्तु हवन किया गया, जिसमें विशेष आहुति राधासहस्त्रनाम स्तोत्र के वाचन से दी गई। वास्तु हवन के पश्चात बनारस से आए हुए आचार्य एव ब्राह्मणों द्वारा भगवान राधाकृष्ण की मूर्ति का मंत्रोंचार के साथ जलाधिवास किया गया, जिसके दर्शन पाने के लिए बड़ी संख्या में भक्त गण मौजूद थे। वहीं सायं काल भगवान की विधिवत प्रतिदिन की भांति मुख्य यजमान भड़ेच परिवार एवं गौशाला के पदाधिकारी द्वारा आरती की गई। उल्लेखनीय है कि सात दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन आगामी 10 फरवरी तक जारी रहेगा, जिसमें 9 फरवरी तक रोजाना प्रात: 9 बजे से देव पूजन के बाद अपराह्न 3 बजे से जप पाठ एवं हवन तथा शाम 7 बजे आरती की जा रही हैं। वही 10 फरवरी को भगवान राधा कृष्ण के विग्रह को नवनिर्मित मंदिर विधिवत स्थापित कर दोपहर 12-15 बजे दर्शन के लिए पट खोल दिए जाएंगे।

## खेल महारान के दूसरे संस्करण की जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं बाक्सा जिले में शुरू

**मुशालपुर।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग, असम सरकार द्वारा खेल महारान, बक्सा की जिला स्तरीय समिति के सहयोग से मुशालपुर, बक्सा में जिला खेल परिसर, बथौपुरी में उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। जिला आयुक्त और जिला स्तरीय खेल महारान 2.0 समिति के अध्यक्ष गौतम दास ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने कहा कि प्रतिभा की पहचान करने की खोज जमीनी स्तर से शुरू होती है, एलएसी और जिला स्तर से आगे बढ़ती है और राज्य स्तर के लिए प्रतिनिधियों के चयन में परिणत होती है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि खेल महारान जमीनी स्तर की प्रतिभाओं को चमकने के अवसर प्रदान करता है। एक खिलाड़ी के प्रमुख गुण के रूप में अनुशासन पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि यह मंच व्यक्तियों को अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन करने की अनुमति देता है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि जीतना और हारना खेल का अभिन्न अंग है और दृढ़ता के माध्यम से अंतत: सफलता प्राप्त की जा सकती है। एमसीएलए घनश्याम दास मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए और प्रतियोगिताओं के आधिकारिक रूप से उद्घाटन की घोषणा की। उन्होंने खेल महारण 2.0 और जिला स्तर पर इसके महत्व पर एक भाषण भी दिया। उन्होंने कहा कि खेल महारण राज्य के उभरते खिलाड़ियों के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रतिभागी जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में शानदार खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगे और बक्सा जिले का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने बक्सा के खिलाड़ियों की अपार क्षमता पर भी अपना विश्वास जताया। कार्यक्रम में विभिन्न स्पर्धाओं के अधिकारियों और खिलाड़ियों ने भी भाग लिया। ये विजेता अब खेल महारण 2.0 की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बकसा का प्रतिनिधित्व करेंगे। कार्यक्रम के अंतिम चरण में विभिन्न खेल विधाओं में शीर्ष प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी शामिल होंगे। बक्सा में 6-7 फरवरी, 2025 को आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में एथलेटिक्स, कबड्डी, फुटबॉल, शतरंज और लड़कों और लड़कियों दोनों के लिए पारंपरिक साइकिलों के साथ रोड साइकिलिंग जैसे खेल शामिल थे। कार्यक्रम में एडीसी मुस्तफा सलीम, जिला खेल अधिकारी दशरथ ब्रह्मा और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



संपादकीय

# यह किसकी जमीन

विधायक प्राथमिकता बैठक से रूठा भाजपा का कुनबा भले ही बहिष्कार करता रहा, लेकिन प्रदेश के सत्ता पक्ष ने अपनी जमीन हथिया ली। विपक्ष की गैर मौजूदगी का आक्रोश छन से बाहर आया, तो मालूम हुआ कि हमारी राजनीति का स्तर किस गति से गिर रहा है। बहरहाल अपनी जवाबदेही में सरकार ने नाबार्ड योजनाओं के बही खाते खोल कर समझाने की चेष्टा की कि वह भी तू डाल-डाल, तो मैं पात-पात की स्थिति में है। इस बहिष्कार की संगत में 28 विधानसभा क्षेत्र कम से कम यह तो नहीं बता पाए कि उनके भीतर कितनी क्षमता, कितनी संभावना और कितनी महत्त्वाकांक्षा रची बसी है। मंडी जैसा पूरा जिला एक तरह से अलग होकर बैठ गया, तो भाजपा विधायकों का विजन खामोश हो गया। अगर सत्य विपक्ष के पास है, तो सत्ता को ऐसे दृष्टांत से बचने का रास्ता चाहिए। कोशिश अगर यह हो जाए कि 28 विधानसभा क्षेत्रों के लोग भी सरकार को प्रिय हैं, तो धरातल पर उभरते अक्स में कुछ तो कहा जाएगा। खैर इन बैठकों के माध्यम से प्रदेश के कांग्रेसी विधायकों का विजन तो सामने आया। खास पहलू यह कि अब हर विधानसभा क्षेत्र में पर्यटन की संभावना खोजी जाने लगी है। कुछ संकल्प व्यावहारिक और कुछ भविष्य की ओर देख रहे हैं। जब पालमपुर के आशीष बुटेल टी-टूरिज्म की कोंपलें चुनते हैं या बैजनाथ के विधायक किशोरी लाल बीड़-बिलिंग में पर्यटक सूचना केंद्र मांगते हैं, तो परिदृश्य में रौनक आती है। ज्वालामुखी के विधायक संजय रत्न मंदिर परिसर की सुविधाओं को आगे बढ़ाने का रास्ता चुनते हैं, तो धार्मिक पर्यटन का मंत्रोच्चारण शुरू होता है। चंबा के नीरज नैयर पर्यटन गतिविधियों में इजाफे के साथ हेली टूरिज्म की प्राथमिकता को आवाज देते हैं, तो हजार साल की संस्कृति कहीं मिंजर समारोह से आगे धरोहर पर्यटन की खोज खबर लेती है। शीतकालीन मरुस्थल को शीतकालीन खेलों का मक्का बनाने के प्रयत्न में लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा, प्रगतिशील इरादों को उकेर देती हैं। इसी तरह ठियोग के विधायक कुलदीप सिंह राठौर हाटू रोपवे के माध्यम से अपने क्षेत्र में पर्यटन का वसंत उगाना चाहते हैं। कहना न होगा कि अब विधायक अपने दायित्व के क्षेत्र में पर्यटन का दायरा बड़ा करना चाहते हैं। चाहते तो भाजपा के विधायक भी यही होंगे, क्योंकि अगर ज्वालाजी मंदिर को चार चांद लगते हैं, तो कांगड़ा, चामुंडा, दियोटसिद्ध और नयनादेवी के दर्शनों में विपक्षी विधायक भी सैलानियों के लिए पर्यटन का लंगर लगाना चाहते होंगे। मंडी की शिवधाम परियोजना के पीछे भाजपा विधायक और नेता प्रतिपक्ष की प्रतिबद्धता नजर आती है। जाहिर है विजन की हाजिरी के लिए सतत प्रयास चाहिए और अगर राज्य में पर्यटन के जरिए आर्थिकी व रोजगार के समाधान संभव हैं, तो पर्यटन प्राथमिकता बैठकों में विपक्ष की साझेदारी दिल्ली तक जरूरी है। ऐसे में सरकार अगर पर्यटन राज्य की शक्ल में प्राथमिकताएं तय करती है, तो हर विधानसभा क्षेत्र से हर गांव की दहलीज तक न जाने कितने-कितने पर्यटक हाजिरी लगाएंगे। राज्य के लक्ष्य में अगर आर्थिकी का संकल्प खड़ा करना है, तो इसे विविधता और सियासी एकता में देखना होगा। हर विधानसभा को कम से कम एक पर्यटक गांव तो बसा ही लेना चाहिए। इस तरह विधायक प्राथमिकता का ओजस्वी चेहरा, एक साथ 68 विधानसभा क्षेत्रों व सरकार के विभिन्न विभागों के बजटीय प्रावधानों का प्रसार हो जाएगा।

> विपक्ष की गैर मौजूदगी का आक्रोश छन से बाहर आया, तो मालूम हुआ कि हमारी राजनीति का स्तर किस गति से गिर रहा है। बहरहाल अपनी जवाबदेही में सरकार ने नाबार्ड योजनाओं के बही खाते खोल कर समझाने की चेष्टा की कि वह भी तू डाल-डाल, तो मैं पात-पात की स्थिति में है। इस बहिष्कार की संगत में 28 विधानसभा क्षेत्र कम से कम यह तो नहीं बता पाए कि उनके भीतर कितनी क्षमता, कितनी संभावना और कितनी महत्त्वाकांक्षा रची बसी है। मंडी जैसा पूरा जिला एक तरह से अलग होकर बैठ गया, तो भाजपा विधायकों का विजन खामोश हो गया। अगर सत्य विपक्ष के पास है, तो सत्ता को ऐसे दृष्टांत से बचने का रास्ता चाहिए। कोशिश अगर यह हो जाए कि 28 विधानसभा क्षेत्रों के लोग भी सरकार को प्रिय हैं, तो धरातल पर उभरते अक्स में कुछ तो कहा जाएगा। खैर इन बैठकों के माध्यम से प्रदेश के कांग्रेसी विधायकों का विजन तो सामने आया। खास पहलू यह कि अब हर विधानसभा क्षेत्र में पर्यटन की संभावना खोजी जाने लगी है। कुछ संकल्प व्यावहारिक और कुछ भविष्य की ओर देख रहे हैं। जब पालमपुर के आशीष बुटेल टी-टूरिज्म की कोंपलें चुनते हैं या बैजनाथ के विधायक किशोरी लाल बीड़-बिलिंग में पर्यटक सूचना केंद्र मांगते हैं, तो परिदृश्य में रौनक आती है। ज्वालामुखी के विधायक संजय रत्न मंदिर परिसर की सुविधाओं को आगे बढ़ाने का रास्ता चुनते हैं, तो धार्मिक पर्यटन का मंत्रोच्चारण शुरू होता है।

### पुस्तक मेला केवल किताबों तक सीमित नहीं है, यह सांस्कृतिक अभिव्यक्ति का भी एक मंच है

# पुस्तक-महाकुंभ से एक नये दौर का सूत्रपात

ललित गर्ग

> प्रयागराज में सनातन धर्म का महाकुंभ तो दूसरा दिल्ली में पुस्तकों का महाकुंभ। 1 फरवरी से 9 फरवरी 2025 तक प्रगति मैदान के भारत मंडपम में पाठकों, लेखकों और प्रकाशकों एक भव्य महा-उत्सव जो पांच दशकों की समृद्ध विरासत के साथ, साहित्य, संस्कृति और ज्ञान का जीवंत संगम बना हुआ है।

देश में दो महाकुंभ चल रहे हैं, एक प्रयागराज में सनातन धर्म का महाकुंभ तो दूसरा दिल्ली में पुस्तकों का महाकुंभ। 1 फरवरी से 9 फरवरी 2025 तक प्रगति मैदान के भारत मंडपम में पाठकों, लेखकों और प्रकाशकों एक भव्य महा-उत्सव जो पांच दशकों की समृद्ध विरासत के साथ, साहित्य, संस्कृति और ज्ञान का जीवंत संगम बना हुआ है। इस वर्ष के पुस्तक मेले की मुख्य थीम 'रिपब्लिक @ 75' है, जो भारतीय संविधान के 75 वर्षों के जश्न पर एक मजबूत भारत की परिकल्पना, राष्ट्र-निर्माण में प्रगति, और 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य पर केन्द्रित है। पुस्तक मेले का एक मुख्य आकर्षण बच्चों का मंडप है, जिसका उद्देश्य बच्चों के साहित्य को बढ़ावा देना और युवाओं में पढ़ने की आदत विकसित करना है। पुस्तक मेला केवल किताबों तक सीमित नहीं है; यह सांस्कृतिक अभिव्यक्ति का भी एक मंच है। मेले में आयोजित नाट्य, संगीत, लोक कला और परंपरागत प्रस्तुतियाँ इसे एक समग्र अनुभव और वैश्विक दृष्टिकोण के संवाद का अवसर प्रदान कर रही है। इस अवसर पर विभिन्न देशों के साहित्यिक प्रतिनिधिमंडल की सहभागिता हो रही है, जो अपने सांस्कृतिक मूल्यों, परंपराओं और साहित्यिक दृष्टिकोण को साझा कर रहे हैं। आज डिजिटलीकरण और कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) के दौर में भले ही पुस्तकों की उपादेयता एवं अस्तित्व पर प्रश्नचिन्ह टंग रहे हो, लेकिन ऐसे अनूठे एवं विलक्षण पुस्तक मेले पुस्तकों की उपयोगिता, प्रासंगिकता एवं महत्व को नये पंख भी दे रहे हैं। पुस्तक मेलों की परंपरा भारत और विश्व में सैकड़ों वर्षों से चली आ रही है। प्राचीन भारत में भी पांडुलिपियों के आदान-प्रदान और साहित्यिक संवाद की परंपरा थी। आधुनिक युग में, पुस्तक मेले का आयोजन पहली बार यूरोप में 15वीं शताब्दी में हुआ। गुटेनबर्ग द्वारा मुद्रण तकनीक के आविष्कार के बाद पुस्तकों का वितरण तेज़ी से बढ़ा और इसने पुस्तक मेलों के आयोजन को प्रेरित किया। भारत में पुस्तक मेलों की आधुनिक परंपरा 1970 के दशक में प्रारंभ हुई, जब नेशनल बुक ट्रस्ट ने दिल्ली में पहले



विश्व पुस्तक मेले का आयोजन किया। ये मेले न केवल साहित्यिक संवाद का माध्यम बने हैं, बल्कि विभिन्न भाषाओं और संस्कृतियों को जोड़ने का एक सशक्त मंच बनकर शब्द, विचार तथा भावनाओं को जीवंत किया हैं। ये केवल पुस्तकों की खरीद-बिक्री का स्थान नहीं, बल्कि भाषाई और साहित्यिक विविधता को प्रोत्साहित करते हुए समाज के विभिन्न वर्गों को एक मंच पर लाकर उनके विचारों को साझा करने का अवसर भी प्रदान करते हैं। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि पुस्तक मेले न केवल साहित्यिक चेतना को सजीव करते हैं, बल्कि गहरी सांस्कृतिक चेतना का पोषण भी करते हैं। विश्व पुस्तक मेला न केवल पुस्तकों का उत्सव है, बल्कि यह भारत की सांस्कृतिक धरोहर, साहित्यिक समृद्धि और विविधता का उत्सव मनाने के साथ पुस्तक-संस्कृति को सजीव बनाने का अवसर भी है। इंसान की ज़िंदगी में विचारों का सर्वाधिक महत्वपूर्ण स्थान है। वैचारिक क्रांति एवं विचारों की जंग में पुस्तकें सबसे बड़ा हथियार है। जिसके लिए न तो कोई लाइसेंस लेना है, न ही इसके लिए किसी नियम-क़ायदे से गुज़रना है, लेकिन यह हथियार जिसके पास हैं, वह ज़िंदगी की जंग हारेगा नहीं। जब लड़ाई वैचारिक हो तो किताबें हथियार का काम करती हैं। किताबों का इतिहास शानदार और परम्परा भव्य रही है। पुस्तकें मनुष्य की सच्ची मार्गदर्शक हैं। पुस्तकें सिर्फ जानकारी और मनोरंजन ही नहीं देती बल्कि हमारे दिमाग को चुस्त-दुरुस्त रखती हैं। समाज में पुस्तकें पुनः अपने सम्मानजनक स्थान पर प्रतिष्ठित हो, इसके लिये ऐसे मेले मील का पत्थर है। पुस्तकें वैचारिक जंग के साथ-साथ जीवन-जंग को जीतने का सक्षम आधार है। आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी ने पुस्तकों के महत्व पर लिखा है कि तोप, तीर, तलवार में जो शक्ति नहीं होती, वह शक्ति पुस्तकों में रहती है। तलवार आदि के बल पर तो हम केवल दूसरों का शरीर ही जीत सकते हैं, किंतु मन को नहीं। लेकिन पुस्तकों की शक्ति के बल पर हम दूसरों के मन और हृदय को जीत सकते हैं। ऐसी जीत ही सच्ची और स्थायी हुआ करती है, केवल शरीर की जीत नहीं! वस्तुतः पुस्तकें सचमुच हमारी मित्र हैं। वे अपना अमृतकोश सदा हम पर न्यौछावर करने को तैयार रहती हैं। उनमें छिपी अनुभव की बातें हमारा मार्गदर्शन करती हैं। हमारे मन में उठ रहे सवालों का जवाब पाने के लिए पुस्तकों से बेहतर ज़रिया कोई भी नहीं। तब भी जब हमारे आस-पास कोई नहीं है, हम अकेले हैं, उदास हैं, परेशान हैं, किताबें हमारी सच्ची दोस्त बनकर हमें सहारा देती हैं। पुस्तकों का महत्व एवं क्षेत्र सार्वकालिक, सार्वभौमिक एवं सार्वदैशिक है। जहां तक जीवन की पहुंच है, वहां तक पुस्तकों का क्षेत्र है। पुस्तकों की यही कसौटी बताई गयी है कि वे जीवन से उत्पन्न होकर सीधे मानव जीवन को प्रभावित करती है। दो और दो चार होते हैं, यह चिर सत्य है पर साहित्य नहीं है क्योंकि जो मनोवेग तरंगित नहीं करता, परिवर्तन एवं कुछ कर गुजरने की शक्ति नहीं देता, वह साहित्य नहीं हो सकता अतः अभिव्यक्ति जहां आनन्द एवं जीवन ऊर्जा का स्रोत बन जाए, वहीं वह साहित्य है। पुस्तकें पढ़ना विचार सुनने या भाषणों से बेहतर हैं। रेडियो पर अपने मन की बात के जरिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिन्दी के अमर कथाकार मुंशी प्रेमचन्द का उल्लेख करते हुए लोगों से अपने दैनिक जीवन में किताबें पढ़ने की आदत डालने का आह्वान किया था। साथ ही उपहार में 'बुके नहीं बुक' यानी किताब देने की बात कही। पुस्तक-संस्कृति को जनजीवन में प्रतिष्ठापित करने की दृष्टि से उनकी यह एक नयी प्रेरणा है, झकझोरने एवं सार्थक दिशाओं की ओर अग्रसर करने की मुहिम है।

दृष्टि कोण

# आत्मनिर्भर एवं विकसित प्रदेश का निर्माण

हिमाचल प्रदेश का पूर्ण राज्यत्व दिवस समारोह शिवभूमि बैजनाथ में गत 25 जनवरी को संपन्न हो गया। यह दिन बैजनाथ के नागरिकों के लिए दो कारणों से महत्वपूर्ण था क्योंकि बैजनाथ के इतिहास में पहली बार किसी बड़े राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन हुआ तो वहीं बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र के लिए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने स्थानीय विधायक किशोरी लाल द्वारा रखी गईं सभी मांगों को खुशी खुशी पूरा करने की घोषणाएं भी मंच से कीं। बैजनाथ क्षेत्र को पूर्ण राज्यत्व दिवस समारोह के लिए निर्धारित करना मुख्यमंत्री की दूरदर्शी सोच को भी रेखांकित करता है। सुक्खू सरकार को चाहिए कि वह इसी तर्ज पर जिला स्तरीय स्वतंत्रता एवं गणतंत्र दिवसों के आयोजन भी संबंधित जिलों के उपमंडल एवं तहसील मुख्यालयों में आयोजित करने के बारे में सोचे ताकि राज्य की अधिकतम आबादी को इन राष्ट्रीय पर्वों के आयोजन में भागीदारी का सुअवसर प्राप्त हो। बैजनाथ में आयोजित समारोह में बड़ा भंगाल घाटी के बाशिंदों ने भी बढ़-चढ़ कर शिरकत की तो वहीं चढियार को पूर्ण तहसील का दर्जा देने की मुख्यमंत्री की घोषणा ने समारोह में मौजूद लोगों को तालियां बजाने के लिए बाध्य कर दिया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर चढियार में लोक निर्माण विभाग का नया उपमंडल खोलने और पपरोला-बैजनाथ बाईपास मार्ग पर संसाली-भटवाली में बिनवा नदी पर पुल के निर्माण की घोषणा की। बैजनाथ-पपरोला के संकरे बाजारों में निरंतर लगने वाले जाम से यथाशीघ्र निजात मिले, इसके लिए इस बाईपास का निर्माण बेहद अहम हो गया है। मुख्यमंत्री ने संसाल में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्थापित करने और माहलपट गांव में राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल खोलने जैसी महत्वपूर्ण घोषणाएं भी कीं। लोकतंत्रात्मक प्रणाली में नागरिकों के कल्याण एवं सेवार्थ हेतु आवश्यक मूलभूत व्यवस्थाओं को अमलीजामा पहनाना चुनी हुई सरकारों का दायित्व रहता है, लेकिन इस प्रकार की घोषणाओं को धरातल पर साकार करने के लिए बजट की भी जरूरत रहती है। चूंकि वर्ष 2025-26 में, यानी अगले वित्त वर्ष में केंद्रीय राजस्व घाटा अनुदान घटकर 3257 करोड़ रुपए रहने का अनुमान है, इसलिए राज्य की वित्तीय समस्याएं बढ़ने वाली हैं और मुख्यमंत्री मानते भी हैं कि आगामी वित्तीय वर्ष चुनौतीपूर्ण रहेगा। आज यदि हिमाचल का प्रत्येक नागरिक खुशहाल और सुखमय जीवनयापन कर रहा है तो इसके पीछे उनकी अपनी मेहनत तो है ही, लेकिन शिक्षा के क्षेत्र में हुई प्रगति का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है। वर्तमान में हिमाचल प्रदेश के दुर्गम क्षेत्रों में भी घर के निकट हमारे बच्चों को स्कूलों एवं महाविद्यालयों में पढ़ने की सुविधाएं मिल रहीं हैं तो इसका श्रेय भी हिमाचल के नेतृत्व को जाता है, लेकिन इसी दरमियान निजी शिक्षण संस्थानों का भी विस्तार हुआ है, लिहाजा सरकारी शिक्षण संस्थानों से विद्यार्थियों के पलायन ने वर्तमान सुक्खू सरकार को सरकारी क्षेत्र के स्कूलों के युक्तिकरण के बारे में कड़े फैसले लेने के लिए भी बाध्य किया है और यह जरूरी भी है क्योंकि हिमाचल की आर्थिक स्थिति और कर्ज को लेकर स्वयं मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह पूर्ण राज्यत्व दिवस के भाषण में विद्यमान आर्थिक संकट को लेकर चिंतित नजर आते हैं। इस बार के केंद्रीय बजट में हिमाचल को कोई बड़ा प्रोजेक्ट नहीं मिला है। इसलिए यह बेहद जरूरी हो जाता है कि सरकार अपनी नीतियों, कार्यक्रमों और योजनाओं का पुनर्निरीक्षण करे और देखे कि कहां, क्या कमियां रह गई हैं, उनमें बदलाव लाए। 1980 में राज्य का सकल घरेलु उत्पाद 794 करोड़ से बढ़कर (जीएसडीपी) 2024-25 में 227136 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है, लेकिन बढ़ता कर्ज प्रदेश सरकार के लिए जी का जंजाल बना हुआ है। इसलिए जरूरी है कि राज्य की आय के संसाधन बढ़ें, जिससे विकास कार्यों को गति मिले, प्रदेश के बच्चों को नौकरियां मिलें, पर्यटन, ऊर्जा, बागवानी और सडक विकास को गति मिले। आय बढ़ाने के लिए राज्य में आयोजित किए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय, राज्य एवं जिला स्तरीय मेलों से होने वाली आय का इस्तेमाल फिजूलखर्ची करके उड़ाने के बजाय विकासात्मक कार्यों पर खर्च किया जाना चाहिए। हाल ही में मंडी शिवरात्रि मेले के लिए सिर्फ पड्डल मैदान की रेहड़ी फड़ी मार्किट 1.03 करोड़ में बिकी है, जबकि अन्य स्रोतों से लाखों की आय अलग से होगी। स्पष्ट है कि पूरे प्रदेश के मेलों के संदर्भ में यह इन्कम करोड़ों के आंकड़े को छुएगी। हाल ही में सरकार ने नए आईएएस/आईपीएस और आईएफएस कैडर के अधिकारियों को हिमाचल कैडर में न लेने के अपने फैसले से केंद्रीय कार्मिक विभाग को आधिकारिक रूप से सूचित किया है। सरकारी विद्यालयों एवं महाविद्यालयों का मर्जर एवं युक्तिकरण एक अनिवार्य फैसला है। ऐसे ही फैसले अन्य विभागों के लिए भी होने चाहिए। अनावश्यक अनुत्पादक और गैर लाभकारी योजनाओं को इसी बजट में अलविदा कह देना चाहिए। मुख्यमंत्री स्वीकार भी करते हैं कि हिमाचल के लोग अमीर हैं, लेकिन सरकार गरीब है। यह सच भी है, आज हिमाचल के हर गांव-कस्बे में निजी निर्माण कार्यों की भरमार है, संपन्न हिमाचलियों ने पांच लाख से ज्यादा प्रवासी भारतीयों को रोजगार दे रखा है। यह सवाल उठना भी लाजिमी है कि एपीएल कार्ड धारकों को सस्ते राशन पर आखिर सरकार किसलिए प्रत्येक वर्ष लगभग 250 करोड़ रुपए की सब्सिडी देती है।

कुछ अलग

# छिलकों की छाबड़ी : अच्छे दिन कहां?

कहीं किसी रोज एक बच्चा बोरवैल में गिर गया, मीडिया कर्मी उसे निकालने का प्रयास किए बिना पूछ रहे हैं कि 'बच्चे, आप इस बोरवैल में गिर कर कैसा मसहूस कर रहे हैं, कि जैसे पूछ रहे हों, आपने हमारा चॉकलेट खाकर कैसा महसूस किया, मीठा है कि कड़वा-कड़वा थू?' बच्चे ने जवाब नहीं दिया तो सही जवाब जानने के लिए वे अगले बोरवैल में किसी बड़ी उम्र के आदमी के गिरने का इंतजार करने लगे। फिलहाल एक दोटूक फैसले में राज्य के मसीहा ने पूरे राज्य में खुले पड़े बोरवैलों को बंद करने का आदेश दे दिया है। बस अब ईंट, सीमेंट, रेत सामग्री का इंतजार हो रहा है। ठेकेदार अपनी काम करने वालों की कुमक के साथ काम करने के लिए तत्पर हैं। बस उनकी मांग है तो इतनी-सी कि उसके पिछले काम का रुका हुआ भुगतान दिलवा दिया जाए। बंधु, हम तो बकाया देने के लिए तत्पर हैं, लेकिन पिछली सरकार 'अंधा बांटे रेवडियां मुड़-मुड़ अपनों को दे' के अंदाज में खजाना खाली कर गई। हमने जनता को उनके सर्वग्रासी पंजे से छुटकारे के वायदों के बाद उनकी गद्दी के साथ यह खाली खजाना संभालने की विरासत पाई थी। हम अभी गद्दी सुरक्षित करने में लगे हैं, पहले अपने लिए, फिर अपने नाती-पोतों के लिए। खाली खजाने की विरासत हमने केन्द्र में बैठी आला सरकार को सौंपने की कोशिश की थी, उन्होंने हाथ खड़े कर दिए। हुजूर बंदर की बला कौनसा तबेला अपने सिर लेने के लिए तैयार होगा? और वह भी ऐसा तबेला जो हमारे सौतेले बाप का हो, हमारी पार्टी अलग, उनकी पार्टी अलग। फिर विचारधारा भी तो अलग-अलग है। चुनाव परिणाम निर्णायक थे, इसलिए मरम्मत करके कोई नया निम्नतम सांझा कार्यक्रम भी नहीं बनाया जा सका कि वह रेते लीजिये कहीं की ईंट कहीं का रोड़ा, भानुमती ने कुनबा जोड़ा। अभी तो नया कुनबा बनाने की जरूरत नहीं पड़ी, इसलिए ईंट की दीवार में रोड़े कैसे चिन देते? तब बहुत से राजनीतिक अदावल के आरोप इन केन्द्र बंधुओं पर लगा कर, राज्य के मसीहा अपना दुःखड़ा लेकर जनता के बीच जाने की बात कहने लगे, लेकिन बातों से खाली खजाने का पेट नहीं भरता। फिर जरूरी भुगतान कैसे कर दिए जाएं? सब बोरवैल बंद करने के आदेश असमर्थता की दीवारों से टकरा कर लौट आए। बच्चा बोरवैल में गिरा है, कैसा महसूस कर रहा है, अभी जवाब नहीं दे पाया। नौजवानों के लिए भी बोरवैल बंद नहीं हुए, दिशाहीनता के अंधकूप खुल गए। इन अंधकूपों से कोई आवाज नहीं उभरती कि वे कैसा महसूस कर रहे हैं? कभी-कभी उनमें से कोई झुंड बाहर झांकता है, और वैध-अवैध कबूतरबाजों के टूटे हुए डैनों पर सवार होकर सात समुद्र पार जाने की कोशिश करता है। रास्ता समुद्री है तो माल्टा नौका दुर्घटनाओं जैसी त्रासदियां उसकी गलबहियां लेने को तैयार मिलती हैं। रास्ता मैदानी है तो तेल शेखों की गुलामी और दोयम दर्जे की नागरिकता उनका पीछा करती है। हवाई उड़ानें किसी सम्पन्न देश के अड्डे पर उतर गई, तो बेलौस, ठण्डे और अंधेरे कारागार उनकी प्रतीक्षा करते हैं। उससे बच निकले तो यहां का डाक्टर वहां कम्पाऊंडर भी बन जाए, तो समझो उसका जीवन सफल हो गया। कुछ पता नहीं चलता कि इस देश के निरीह लोगों का यहां बोरवैल में गिर कर या अंधकूप में कैद हो जाना बेहतर है या विदेशियों की बेगानी धरती पर किसी नए अंधकूप में कैद होकर सुखी हो जाने का बहाना करना। हमने गणतंत्रता की पौन सदी भी पूरी कर ली, लेकिन इस प्रश्न का जवाब आज तक नहीं मिला।

देश दुनीया से

# पर का बुरा न राखहु चीत...

आयरिश नाटककार बर्नार्ड शॉ ने एक बार कहा था कि सबसे अशिक्षित व्यक्ति वह है जिसके पास भूलने के लिए कुछ नहीं है। यह एक चतुर और महत्वपूर्ण अवलोकन है। हर दिन लोगों को नकारात्मक अनुभवों का सामना करना पड़ता है। नकारात्मक अनुभव चाहे कैसा भी हो, अधिक महत्व का या कम महत्व का, लोग आम तौर पर इन नकारात्मक अनुभवों पर बार-बार ध्यान लगाते हैं और उसे मन ही मन दोहराते रहते हैं। नकारात्मक अनुभव हुआ और गुजर गया, लेकिन जब हम उसी पर ध्यान लगाए रखें तो वह गुजर चुका होने के बावजूद भी हमारे लिए वर्तमान बन जाता है और लगातार दुखी करता रहता है। एक बार जब यह आदत बन जाती है तो इसका अगला नकारात्मक प्रभाव यह है कि तब यह अप्रिय अनुभव हमारी सक्रिय स्मृति का हिस्सा बनकर अंततः नकारात्मकता का एक बड़ा जंगल बन जाता है। इसलिए इस प्रकार की दुखद घटनाओं को भूल जाना ही सबसे अच्छा है। नकारात्मक अनुभव के मामले में जो कुछ भी हुआ, वह अक्सर हमारे नियंत्रण से बाहर होता है, लेकिन इसे भूल जाना और इसे अपनी स्मृति का हिस्सा बनने से रोकना हमारे हाथ में है। एक और महत्वपूर्ण बात यह है कि इस संदर्भ में चुनाव भूलने और न भूलने के बीच नहीं है, असली विकल्प हर तरह की कड़वी यादों के साथ जीने और खुद को उनसे पूरी तरह मुक्त करने के बीच है। अप्रिय यादों की कड़वाहट में रहने से अच्छा है कि हम उनसे मुक्त हो जाएं। यह हमें व्याकुलता से बचाकर हमारी ऊर्जा को अकारण खर्च होने से बचाता है, समय बर्बाद होने से बचाता है और नकारात्मक विचारों के कारण सेहत की गड़बड़ी से भी बचाता है। आइए, अब हम नकारात्मक विचारों के दूसरे पहलू को भी देख लें। नकारात्मक अनुभव होने का मतलब है कि सामने वाला व्यक्ति हमें पसंद नहीं करता, हमसे घृणा करता है, हमें छोटा बनाने की कोशिश कर रहा है। जब कोई व्यक्ति हमारा अपमान करके खुद को बड़ा साबित करने की कोशिश करता है तो ज्यादातर मामलों में वह व्यक्ति हमारी काबीलियत और हमारी प्रगति के कारण हमसे जलन रखने वाला व्यक्ति होता है, जो हमसे इसलिए ईर्ष्या करता है क्योंकि वह धन में, स्टेटस में, सम्मान में से किसी न किसी रूप में हमसे पीछे है। चूंकि वह हमारी बराबरी नहीं कर पा रहा है, इसलिए वह हमसे जलता है, और उसकी वह जलन इस रूप में प्रकट होती है कि वह हमें ठेस पहुंचाकर, हमें नीचा दिखाकर या हमारा अपमान करके अपने अहम् को संतुष्ट करने की कोशिश कर रहा है। ऐसे व्यक्ति पर तो हमें क्रोध करने के बजाय, उस पर दया करनी चाहिए। वह सचमुच दया का पात्र है। यही नहीं, वह व्यक्ति हमसे ईर्ष्या ही इसलिए करता है क्योंकि अपने सभी प्रयत्नों के बावजूद वह हमारी बराबरी नहीं कर पा रहा, यानी, वह हमारी काबीलियत को जानता है, हमारी काबीलियत को मानता है, और असल में हमारी काबीलियत का प्रशंसक है, पर अपने स्वभाव से मजबूर होकर वह उस प्रशंसा को प्रशंसा के रूप में प्रकट न करके, ईर्ष्या के रूप में प्रकट कर रहा है। ऐसे में हमें अपने उस प्रशंसक पर क्रोध करके खुद को दुखी करते रहना उचित नहीं है। यही नहीं, हमें अपने मन में उसके लिए किसी भी तरह की बदले की भावना भी नहीं रखनी चाहिए। गुरबाणी में ठीक ही कहा गया है- 'पर का बुरा न राखहु चीत, तुम कउ दुख नहीं भाई मीत।' इसका अर्थ है कि- ऐ भाई, ऐ मित्र, अपने चित्त में, अपने मन में कभी किसी के लिए बुरा मत चाहो। कभी मन में यह इच्छा मत पैदा होने दो कि किसी का नुकसान हो। इसका परिणाम यह होगा कि तुम्हें कोई दुख नहीं मिलेगा। यूं भी किसी के बारे में बुरा सोचकर, या अपने अपमान की घटना के बारे में बार-बार सोचकर हम सिर्फ खुद के लिए बीमारी ही मोल लेते हैं। यदि हम मानसिक और शारीरिक व्याधियों से बचे रहना चाहते हों तो इसके लिए सहज संन्यास मिशन का मार्गदर्शन बहुत काम आ सकता है। सहज संन्यास की जीवनशैली इन व्याधियों से बचाव के लिए बहुत प्रभावशाली है। कहते हैं कि यात्रा के समय सामान जितना कम होगा, यात्रा उतनी सुखद होगी। सहज, सरल जीवन का मतलब ही यही है कि हम संग्रह नहीं करते, बीते कल का पछतावा नहीं करते, आने वाले कल की फिक्र नहीं करते, जो कुछ सामने हो, उसे पूरी शिद्दत से निभाते हैं। इसीलिए कहा जाता है कि इस नियम का पालन करने वाले एकदम सीधा और सरल जीवन जीते हैं।

इसका किसी कर्मकांड से, पूजा के विधि-विधान से, या ग्रंथों के पठन-पाठन से कोई लेना-देना नहीं है। इसके लिए अपनी सोच में एक रचनात्मक परिवर्तन लाने की आवश्यकता है। इस परिवर्तन के लिए छोटे-छोटे कदम उठाकर अपना लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। पहली बात तो यही है कि हम सोच लें कि सोच बदलनी है। इससे हमें वह मोटिवेशन, वह प्रेरणा मिलेगी जो सोच बदलने में सहायक होगी। सतर्कता बस इतनी चाहिए कि हम अपने लक्ष्य के बारे में पूर्णतः स्पष्ट हों, उसमें कोई किंतु-परंतु न हो, कोई शक-शुबहा न हो। हमें यह भी स्पष्ट होना चाहिए कि हम जो लक्ष्य प्राप्त करना चाहते हैं, वह क्यों चाहते हैं, हमारा अंतिम उद्देश्य क्या है। जब हम इस बारे में स्पष्ट हों कि हमें अपनी सोच बदलनी है, लक्ष्य और उसका अंतिम उद्देश्य, लक्ष्य प्रप्ति का कारण भी स्पष्ट हो तो फिर यह देखना चाहिए कि पहला कदम क्या उठाएं। छोटे-छोटे कदमों से आगे बढ़ते चलें। इससे लक्ष्य तक पहुंचने की यात्रा आसान हो जाएगी, बोझिल नहीं बनेगी। जब ऐसा कर लें तो फिर यह सोचें कि हमें अपने जीवन में क्या-क्या वरदान मिले हैं, क्या सुख हैं, कौन-कौन सी खुशियां हैं। इससे हममें कृतज्ञता का भाव आएगा। ध्यान यह रखना है कि अपने सुख और खुशियों का आकलन करते समय हममें कृतज्ञता का भाव आए, अहंकार का नहीं। बस अब सब सरल है। अब प्रेममय होना कठिन नहीं रह जाता। यह एक सीधे और सादे जीवन का आसान सा पाठ है, जरूरत सिर्फ इसे समझने की है, और समझकर जीवन में उतारने की है। इतना कर लिया तो फिर कुछ और बाकी नहीं रह जाता। याद बस यह रखना चाहिए कि नजरिया बदलने से सब बदल जाता है। यह समझ लिया तो फिर मंगल ही मंगल है।

आप का नजरीया

# पीएम का दोहराव भाषण

प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर सियासी जवाब दिया और विपक्ष को निशाने पर रखा। यह संसदीय परंपरा है कि केंद्र में राष्ट्रपति मौजूदा सरकार की नीतियों और उसके कार्यक्रमों पर अभिभाषण देते हैं और राज्यों में यह भूमिका राज्यपाल निभाते हैं। अभिभाषण सरकार के अधिकारी ही लिखते हैं, लिहाजा सांसदों या विधायकों का संबोधन पूरी तरह राजनीतिक होता है। प्रधानमंत्री मोदी ने करीब 95 मिनट के भाषण में गांधी परिवार, केजरीवाल और अखिलेश यादव सरीखे विपक्ष पर कई पलटवार किए, तंज भी कसे और पुराने, अप्रासंगिक मुद्दों को भी उठाया। प्रधानमंत्री ने 1961-63 के दौरान अमरीका के राष्ट्रपति रहे जॉन एफ. कैनेडी और भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के आपसी संबंधों का जिक्र किया और कैनेडी पर लिखी एक किताब पढ़ने की सलाह दी। अमरीका के 35वें राष्ट्रपति कैनेडी पर असंख्य किताबें लिखी गई हैं, लेकिन आज कैनेडी-नेहरू के संबंधों की प्रासंगिकता क्या है? यह मोदी-ट्रंप का दौर है। आज 1962 के भारत-चीन युद्ध के दौरान हमारी असफलताओं को क्यों दोहराया जाए? बेशक चीन का भारत की 38,000 से ज्यादा वर्ग किलोमीटर जमीन पर कब्जा है। वह चीन युद्ध की देन है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी इस आयाम पर बयान दिया है। फिर इस किताब की प्रासंगिकता कितनी है, जिसमें तत्कालीन प्रधानमंत्री नेहरू की विदेश नीति की आलोचना की गई थी। यह भी उल्लेख था कि नेहरू चीन के युद्ध को समझ ही नहीं पाए। भारत की सेनाओं की तैयारियां ही नहीं थीं। चीन को लेकर कैनेडी ने नेहरू को सावधान किया था, लेकिन नेहरू ने उसे गंभीरता से नहीं लिया। ये तमाम करीब 63 साल पुराने संदर्भ हैं। बीते 11 साल से मोदी सरकार काम कर रही है। आज भारत-चीन के बीच अरबों डॉलर का कारोबार होता है, तो सैन्य रूप से दोनों देश प्रतिद्वंद्वी भी हैं। लद्दाख में भारत के हजारों सैनिक चीनी सैनिकों के सामने तन कर तैनात रहे, अंततः सेनाओं को पीछे हटने पर समझौता करना पड़ा। यह आज का महत्वपूर्ण यथार्थ है। यदि प्रधानमंत्री मोदी उचित समझते, तो उन सवालों के जवाब दे सकते थे, जो नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी समेत विपक्ष के कुछ सांसदों ने राष्ट्रपति अभिभाषण के संदर्भ में उठाए थे। उन्हें अनर्गल करार देकर खारिज कर सकते थे। प्रधानमंत्री के मुख से ये आंकड़े देश कई बार सुन चुका है कि मोदी सरकार ने 12 करोड़ घरों में नल से जल पहुंचाया है, उज्ज्वला योजना लागू की है, 40 लाख करोड़ रुपए सीधे ही जनता-जनार्दन के खातों में जमा कराए हैं, 10 करोड़ फर्जी लाभार्थियों के नाम मिटा कर 3 लाख करोड़ रुपए गलत हाथों में जाने से बचाए हैं, बुनियादी ढांचे का बजट 11 लाख करोड़ रुपए तय किया है, भारत आज विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, 3.5 लाख करोड़ रुपए किसानों के खातों में डाले हैं और 10 साल में कृषि का बजट 10 गुना बढ़ाया है। यह सूची बेहद लंबी है। बेशक हम 'विकसित भारत' का संकल्प लेकर आगे बढ़ रहे हैं, लेकिन अब वाकई 'जहर की राजनीति' नहीं होनी चाहिए। प्रधानमंत्री भी दोहराव करते न दिखें।

## पुलिस ने साइबर अपराधों पर लगाम के लिए चलाया ऑपरेशन साइबर शील्ड अभियान

**जयपुर ( हिंस )।** राजस्थान पुलिस ने प्रदेश में साइबर अपराध पर नियंत्रण के लिए 2 जनवरी से 31 जनवरी तक *ऑपरेशन साइबर शील्ड* नामक विशेष अभियान चलाया। महानिदेशक पुलिस उत्कल रंजन साहू ने गुरुवार को पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि इस अभियान के तहत सात मुख्य बिंदुओं पर फोकस किया गया। इनमें साइबर अपराधियों की पहचान और गिरफ्तारी, सिम और मोबाइल ब्लॉक करने, गुम और चोरी हुए मोबाइल बरामद कर लौटाने, ठगी गई राशि होल्ड कराने, समन्वय पोर्टल पर रिकॉर्ड का अपडेट, साइबर अपराध के मामलों में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी और साइबर जागरूकता का प्रचार शामिल था। अभियान के दौरान 52, 317 सिम कार्ड और 27, 292 मोबाइल (आईएमईआई) ब्लॉक किए गए। इसके अलावा, कुल 5, 201 मोबाइल बरामद किए गए, जिनमें से 4, 991 मोबाइल पीड़ितों को लौटा दिए गए। ठगी गई कुल 47.46 करोड़ रुपए में से 8.87 करोड़ रुपए होल्ड कराए गए। पुलिस ने 543 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया और 319 पर निरोधात्मक कार्रवाई की। अभियान में साइबर ठगी में इस्तेमाल किए गए 35 लैपटॉप, 58 कंप्यूटर, 847 मोबाइल, 740 सिम, 660 एटीएम और क्रेडिट कार्ड, 19 राउटर और 18 वाहन सहित 41.63 लाख रुपए नगद जब्त किए गए। डीजीपी साहू ने बताया कि अभियान के तहत श्रीगंगानगर, डूंगरपुर, जयपुर, बूंदी और जोधपुर में बड़ी कार्रवाई की गई। श्रीगंगानगर में निवेश के नाम पर 2, 000 करोड़ रुपए से अधिक की ठगी करने वाले 8 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। डूंगरपुर में एक करोड़ रुपए की साइबर ठगी के मामले में 8 अपराधियों को पकड़ा गया। जयपुर में फर्जी कॉल सेंटर चलाने वाले गिरोह से जुड़े 30 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि बूंदी में 1.26 करोड़ रुपए ठगी की राशि पीड़ितों को लौटाई गई। जोधपुर में 7 करोड़ रुपए की साइबर ठगी के मामले में 15 अपराधी गिरफ्तार किए गए। अभियान के दौरान साइबर जागरूकता बढ़ाने के लिए 9, 837 कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें 12 लाख से अधिक नागरिकों ने भाग लिया।

## नारायण सेवा संस्थान का 43वां दिव्यांग एवं निर्धन सामूहिक विवाह समारोह कल

**उदयपुर ( हिंस )।** दिव्यांग और निर्धन जनों के जीवन में खुशियों के रंग भरने के लिए नारायण सेवा संस्थान, उदयपुर द्वारा 8-9 फरवरी को 43वां दिव्यांग एवं निर्धन सामूहिक विवाह का आयोजन किया जा रहा है। इस समारोह में 51 जोड़े विवाह बंधन में बंधेंगे, जिनमें 28 दिव्यांग एवं 23 निर्धन परिवारों के वर-वधू शामिल होंगे। संस्थान के सेवा महातीर्थ बड़ी स्थित परिसर में होने वाले इस आयोजन में समाजसेवी, धर्म माता-पिता और कन्यादानकर्ता ससम्मान आमंत्रित किए गए हैं। संस्थान के जनसंपर्क प्रमुख भगवान प्रसाद गौड़ ने बताया कि विवाह की सभी रस्में विधिवत संपन्न कराई जाएंगी। विवाह स्थल पर 51 वेदियां स्थापित की गई हैं, जहां संस्काराचार्य वेद मंत्रों के साथ सात फेरे संपन्न कराएंगे। प्रेस वार्ता में 43वें दिव्यांग एवं निर्धन सामूहिक विवाह संस्कार का पोस्टर संस्थान के जनसंपर्क प्रमुख गौड़, मीडिया प्रभारी विष्णु शर्मा हितैषी, विवाह संयोजक रोहित तिवारी एवं बंशीलाल मेघवाल ने जारी किया। विवाह में राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार और छत्तीसगढ़ सहित कई राज्यों के जोड़े हिस्सा ले रहे हैं। इनमें से कई दिव्यांग हैं, तो कुछ जोड़ों में एक दिव्यांग और दूसरा सकलांग है। कोई नेत्रहीन है तो कोई किसी हादसे में अंगविहीन हुआ है। ये सभी जीवन की नई शुरुआत करेंगे। समारोह 8 फरवरी को गणपति स्थापना, हल्दी, मेहंदी और महिला संगीत से प्रारंभ होगा। 9 फरवरी को तोरण रस्म, वरमाला और सात फेरे होंगे। संस्थापक पद्मश्री कैलाश *मानव* और सहसंस्थापिका कमला देवी नवदंपतियों को आशीर्वाद देंगे। विवाह समारोह का सीधा प्रसारण विभिन्न माध्यमों से किया जाएगा। संस्थान ने सफल आयोजन के लिए विभिन्न व्यवस्थाओं हेतु कमेटियां गठित की हैं। विवाह स्थल पर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जो अतिथियों और जोड़ों की हरसंभव सहायता करेगा। विवाहित जोड़ों को गृहस्थी का सामान, गैस चूल्हा, संदूक, बर्तन, फर्नीचर, घड़ी, पंखा, परिधान, प्रसाधन सेट और आभूषण प्रदान किए जाएंगे। पाणिग्रहण संस्कार के बाद 51 वधुओं को डोलियों में विदा कर उनके गंतव्य तक पहुंचाया जाएगा। संस्थान 2004 से दिव्यांग सामूहिक विवाह का आयोजन कर रहा है। अब तक 2408 जोड़ों का विवाह संपन्न हो चुका है।

# जयपुर में टायर फटने से बेकाबू रोडवेज बस कार से टकराई, आठ की मौत



**जयपुर ( हिंस )।** राजस्थान के जयपुर में दूदू क्षेत्र अंतर्गत गुरुवार दोपहर एक भीषण सड़क हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई। जबकि हादसे में छह लोग घायल हो गए। यह हादसा उस वक्त हुआ, जब दोपहर करीब 3:45 बजे जयपुर-अजमेर हाईवे पर मौखमपुरा के पास राजस्थान रोडवेज की बस टायर फटने के कारण अनियंत्रित होकर एक ईको कार से टकरा गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से कार में फंसे लोगों को बाहर निकालने की कोशिश की, लेकिन टक्कर इतनी भीषण थी कि कार में सवार किसी की जान नहीं बच सकी। जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि रोडवेज बस जयपुर से अजमेर की ओर जा रही थी, जबकि ईको कार अजमेर से जयपुर आ रही थी। इस दौरान मौखमपुरा के पास बस का टायर फट गया और वह अनियंत्रित होकर डिवाइडर को पार कर दूसरी तरफ से आ रही कार से जा टकराई। इस टक्कर में कार पूरी तरह से पिचक गई और उसमें सवार सभी आठ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। एसपी ने बताया कि मृतकों की पहचान दिनेश कुमार पुत्र मदनलाल रेगर, बबलू मेवाड़ा पुत्र मदन मेवाड़ा, किशन पुत्र जानकीलाल, रविकांत पुत्र मदनलाल, बाबू रेगर पुत्र मदनलाल, नारायण निवासी बड़लियास (भीलवाड़ा) और प्रमोद सुथार पुत्र मूलचंद निवासी मुकुंदपुरिया (भीलवाड़ा) के रूप में हुई हैं। एक शव की पहचान नहीं हो सकी है। जानकारी के अनुसार सभी मृतक भीलवाड़ा जिले के कोटड़ी क्षेत्र के रहने वाले थे और महाकुंभ में प्रयागराज (उत्तर प्रदेश) जा रहे थे। पुलिस ने प्रारंभिक जांच में बस के तेज रफ्तार और टायर फटना हादसे का मुख्य कारण बताया है।

## सूर्य नमस्कार में फिर सिरमौर बना राजस्थान

### शिक्षा मंत्री ने ग्रहण किया विश्व कीर्तिमान का प्रमाण पत्र



**जयपुर ( हिंस )।** राजस्थान ने सूर्य नमस्कार में एक नया विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया है। तीन फरवरी को हुए एक राज्य स्तरीय कार्यक्रम में आयोजित सूर्य नमस्कार में एक करोड़ 53 लाख से अधिक लोगों ने एक साथ सूर्य नमस्कार करते हुए पूर्व के 1.33 करोड़ प्रतिभागियों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। विधानसभा परिसर में गुरुवार को वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स के प्रतिनिधि प्रथम भल्ला ने इस उपलब्धि का प्रोविजनल प्रमाण पत्र जारी किया, जिसे शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने ग्रहण किया। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने सभी प्रदेशवासियों को इस विश्व रिकॉर्ड की बधाई देते हुए कहा कि सूर्य नमस्कार न केवल हमारी संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है, बल्कि यह शारीरिक स्वास्थ्य और तनाव मुक्त जीवन के लिए भी आवश्यक है। उन्होंने सभी से प्रतिदिन इस योग को अपनाने की अपील की। इससे पहले शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के नेतृत्व व मार्गदर्शन में शिक्षा विभाग की ओर से तीन फरवरी को राज्य के सभी राजकीय एवं निजी विद्यालयों में सूर्य नमस्कार किया गया था। एसएमएस फुटबॉल ग्राउंड में हुए राज्य स्तरीय कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री ने भी हिस्सा लिया था।

# स्वदेशी जागरण मंच ने बजट पर की चर्चा



**जोधपुर ( हिंस )।** स्वदेशी जागरण मंच जोधपुर प्रांत की बजट समीक्षा बैठक ऑनलाइन माध्यम द्वारा आयोजित की गई। बैठक में जोधपुर प्रांत विचार प्रमुख और प्रसिद्ध अर्थशास्त्री प्रोफेसर कृष्ण अवतार गोयल ने ऑनलाइन माध्यम से ग्रोथ साइकिल मॉडल के द्वारा बजट को प्रदर्शित किया और कहा कि इस बार का बजट का साइकिल पॉजिटिव दिशा की ओर है जिसके द्वारा भारत जल्द ही एक बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बनने की ओर अग्रसर है। सोनीपत विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्री प्रोफेसर सुरेंद्र मोड ने चेतावनी दी कि ग्लोबल वार्मिंग से भारत की कृषि उत्पादन क्षमता में कमी आ सकती है। उन्होंने इस बजट में ग्रीन जॉब्स, ग्रीन इनोवेशन और कार्बन फुटप्रिंट कम करने वाला बजट बताया। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के प्रोफेसर अनिल मित्तल ने कहा कि अगले वित्तीय वर्ष से जो टैक्स बेनिफिट मिलेगा उससे डिमांड बढ़ेगी और सभी क्षेत्र के रोजगार में वृद्धि होगी। कोटा यूनिवर्सिटी से डॉक्टर मीनू महेश्वरी ने ज्ञान द्वारा इस बजट को गरीब, अन्नदाता, युवा और नारी शक्ति को समर्पित बजट बताया। मेक्सिको के पैन अमेरिका यूनिवर्सिटी से प्रोफेसर राजेश रंजन ने बताया कि इस बजट में सभी आयामों का ध्यान रखते हुए 2047 तक विकसित भारत के निर्माण को केंद्रित रखकर बजट का निर्माण किया गया। कोलकाता विश्वविद्यालय से प्रसिद्ध अर्थशास्त्री प्रोफेसर राम प्रहलाद चौधरी ने कहा कि इस बजट के माध्यम से आने वाले समय में करोड़ रोजगार का सृजन होगा। जयपुर से राजेश कंदोई ने बजट को समावेशी बताया। प्रोफेसर गुरेंद्र भारद्वाज ने कहा कि आने वाला बजट देश के इतिहास में मिल का पत्थर सिद्ध होगा और विकसित भारत की ओर बढ़ाने वाला एक बड़ा कदम बनेगा। बजट समीक्षा बैठक को स्वदेशी जागरण मंच के अखिल भारतीय संपर्क प्रमुख प्रोफेसर राजकुमार मित्तल और राजस्थान क्षेत्र के स्वावलंबी भारत अभियान के समन्वयक अनिल वर्मा ने भी संबोधित किया। जोधपुर प्रांत के प्रचार प्रमुख मिथिलेश झा ने बताया कि इस ऑनलाइन बैठक में जोधपुर प्रांत के प्रमुख कार्यकर्ताओं ने अपने विचार प्रकट किया जिनमें जोधपुर प्रांत के संयोजक प्रमोद पालीवाल, धर्मेश जांगिड़, जितेंद्र मेहरा, हंसराज पवार, श्रवण रायका, रघुवीर, उत्तम कुमार पंचोली, राघव शर्मा, पूनम शर्मा, समुद्र सिंह भगोरा, लोकेंद्र सिंह सुरेंद्र भादू आदि कार्यकर्ता प्रमुख थे।

## आसपास बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान कर पुलिस को सूचित करें

**अजमेर ( हिंस )।** अजमेर जिला पुलिस ने बांग्लादेशी नागरिकों की धरपकड़ अभियान को तेज कर दिया है। पुलिस ने एक और बांग्लादेशी नागरिक को पकड़ा है। इस तरह अभी दो तीन दिनों में ही छह बांग्लादेशी अवैध रूप से अजमेर में रहते हुए पकड़े जा चुके हैं। इस बीच पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा ने मीडिया में वक्तव्य देकर सभी नागरिकों को कहा है कि घरेलू नौकर, किराएदार, कार ड्राइवर और चौकीदार सभी का पुलिस में सत्यापन कराया जाना जरूरी है। पुलिस अधीक्षक ने ऐसा स्वयं शहर के नागरिकों और समाज की सुरक्षा के लिए जरूरी बताया है। पुलिस अधीक्षक ने यह भी कहा कि यदि उनके घर और संस्थान के आसपास कहीं कोई बांग्लादेशी व्यक्ति रहता है तो उसकी पहचान कर पुलिस को सूचित करें। उन्होंने कहा कि घरेलू नौकरों के पुलिस सत्यापन के लिए राजस्थान पुलिस की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पिछले दिनों में पाया गया कि अलगाववादी, आतंकवादी, समाज विरोधी व राष्ट्र विरोधी तत्व विभिन्न रूप में कभी घरेलू नौकर बन कर तो कभी कार चालक बन कर तो कभी चौकीदार के रूप में अपने घरों व संस्थानों में रहते हैं यह लोग परिवार व समाज के लिए बाद में खतरा बन जाते हैं। इसलिए इन लोगों का पुलिस सत्यापन कराकर सभी की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती हैं इस बीच पुलिस थाना दरगाह क्षेत्र में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी मोहम्मद अब्दुल बशीर पुत्र मोती सिंगदर उम्र 45 साल निवासी ग्राम गाजीपुर बेनापोल पुलिस थाना सासा जिला जैसोंर बांग्लादेश को जिला पुलिस व सीआईडी जोन की विशेष टीमों ने पकड़ लिया। पुलिस के अनुसार बांग्लादेशी मोहम्मद अब्दुल बशीर दरगाह क्षेत्र जालियान कब्रिस्तान, अन्दकोट, नई सड़क व दरगाह के अन्य संभावित क्षेत्र में रह रहा था।



## सरस्वती प्रतिमा विसर्जन कर लौट रहा ट्रैक्टर 15 फीट गड्ढे में पलटा, 3 की मौत

### चार घायल 3 पटना रेफर

**पटना ( हिंस )।** बिहार में जमुई जिले के मलयपुर थाना क्षेत्र के सुगिया टांड़ गांव के पास बीती देर रात सरस्वती प्रतिमा विसर्जन कर लौट रहे ट्रैक्टर पलटने से तीन की मौत हो गई, जबकि चार अन्य घायल हो गए। घायल सकलदीप यादव की मां ने बताया कि ट्रैक्टर पलटने के 30 मिनट तक ट्रैक्टर के इंजन और डाला से 7 युवक दबा रहे। हालांकि घटना की जानकारी के बाद मलयपुर थाने की पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से ट्रैक्टर के नीचे दबे 7 युवक को निकाला गया। लेकिन तीन युवक की मौत मौके पर ही हो गई। जबकि चार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे बाइक व पुलिस वाहन से सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज कर रहे चिकित्सक डॉक्टर मृत्युंजय कुमार ने तीन की हालत गंभीर होने पर उसे बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच पटना रेफर कर दिया। मृतक की पहचान भजौर निवासी छेदी पासवान का 27 वर्षीय पुत्र बबलू कुमार, कामू यादव का पुत्र लिटो यादव, सुनील तांती का पुत्र प्रकाश कुमार तांती के रूप में की गई है। जबकि घायल की पहचान सागर तांती, अजीत तांती, सूरज कुमार पासवान तथा नरसौता निवासी सकलदीप यादव के रूप में की गई है। मलयपुर थानाध्यक्ष विकास कुमार सिंह ने बताया की सरस्वती प्रतिमा विसर्जन कर लौट रहा ट्रैक्टर पलट गई थी। जिस पर सवार तीन युवक की मौत हो गई। जबकि चार युवक घायल हो गया सभी को अस्पताल भेजा गया। जहां तीन को पटना रेफर किया गया है। जबकि ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर पूरे मामले की जांच की जा रही है।

## भारतीय संस्कृति में महाकुंभ का विशेष महत्व : नायब सिंह सैनी

**महाकुंभ नगर ( हिंस )।** भारतीय संस्कृति में प्रयागराज महाकुंभ का विशेष महत्व है। प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेले के दौरान हर सनातनी संगम में पवित्र डुबकी लगाना चाहता है। शास्त्रों के अनुसार कुंभ में डुबकी लगाने से मोक्ष की प्राप्ति होती है, इसीलिए बड़े-बड़े ऋषि-मुनि और संत- महात्मा महाकुंभ में पवित्र स्नान के लिए विशेष तौर पर शामिल होने के लिए आते हैं। यह बात गुरुवार को पावन त्रिवेणी में डुबकी लगाने के बाद हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कही। उन्होंने त्रिवेणी संगम की विशेषता को बयां करते हुए कहा कि मां गंगा, यमुना, सरस्वती का संगम है, भारत की धरा पर यह दृश्य विहंगम है। तीर्थराज प्रयाग दर्शन महान, दिव्य और अद्भुत है महाकुंभ का स्नान। उन्होंने कहा कि प्रदेश के बुजुर्गों को भी महाकुंभ में पवित्र स्नान का अवसर प्रदान करने के लिए हरियाणा सरकार ने मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना का विस्तार करते हुए महाकुंभ को भी इसमें शामिल किया है। हर जिले से प्रयागराज के लिए विशेष बसें चलाई जा रही हैं। बता दें कि प्रयागराज महाकुंभ पहुंचे हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अपनी धर्मपत्नी श्रीमती सुमन सैनी के साथ गुरुवार को अरैल पक्का घाट पर पवित्र त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाई। इस अवसर पर उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना की तथा अध्यात्म एवं सनातन परंपराओं के विराट समागम का अवलोकन भी किया। मुख्यमंत्री के साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ोली व अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित थे।



## संभल हिंसा : उपद्रवियों की तलाश में लगी पुलिस की 10 टीमें

**मुरादाबाद ( हिंस )।** उत्तर प्रदेश के संभल जनपद में ढाई माह पहले हुई हिंसा में पत्थरबाजी, लूटपाट और आगजनी में शामिल उपद्रवियों की तलाश में पुलिस की 10 टीमें लगी हुई हैं, लेकिन पुलिस को अभी तक कोई बड़ी सफलता नहीं मिल पा रही है। संभल के आसपास के जिलों के साथ ही टीमों ने दूसरे प्रदेश में भी आरोपियों की तलाश में डेरा डाल रखा है। शारिक साटा गिरोह के सदस्य भी पुलिस के हाथ नहीं आ पा रहे हैं। बवाल में शामिल 74 आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं। वहीं अभी 66 नामजद आरोपियों की तलाश अभी जारी है। उत्तर प्रदेश के संभल जिले में विवादित जामा मस्जिद व हरिहरनाथ नाथ मंदिर में 24 नवंबर 2024 को सर्वे के दौरान तीन स्थानों पर हिंसा और बवाल हुआ था। पहला बवाल विवादित जामा मस्जिद के नजदीक हुआ था, जहां पांच लोगों की जान गई थी। दूसरा बवाल नखासा तिराहे पर हुआ था, जहां पुलिस पर पथराव और फायरिंग की गई थी। इसके बाद तीसरी हिंसा हिंदूपुरा खेड़ा में हुई थी। यहां पुलिस के अधिकारियों पर जानलेवा हमला किया गया था। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि इस घटना के 74 आरोपी उपद्रवियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। इसमें चार आरोपी महिलाएं भी शामिल हैं। वहीं अभी 66 नामजद आरोपियों की तलाश अभी जारी है। शारिक साटा गिरोह के मुल्ला अफरोज और वारिस को जेल भेजा है। अन्य जो भी शारिक साटा गिरोह के सदस्य इस उपद्रव में शामिल रहे हैं, उनकी भी तलाश की जा रही है। एसपी संभल के अनुसार पुलिस की जांच में सामने आया कि जामा मस्जिद सर्वे के दौरान माहौल शारिक साटा गिरोह के सदस्यों ने खराब किया था। दो सदस्य चार लोगों की हत्या में जेल जा चुके हैं। इस बवाल में जो अन्य सदस्य शामिल रहे थे, उनकी तलाश में 10 टीमें लगी हुई हैं। यह टीमें अन्य उपद्रवियों की भी तलाश में लगी हैं।

## सपा ने की चुनाव निरस्त करने की मांग

**अयोध्या ( हिंस )।** समाजवादी पार्टी (सपा)जिला अध्यक्ष, सपा सांसद, पूर्व मंत्री ने 5 फरवरी को हुए मिल्कीपुर विधानसभा उप चुनाव को निरस्त कर पुनः चुनाव कराने की मांग की है। सपा जिला अध्यक्ष पारस नाथ यादव ने कहा कि यह चुनाव इतिहास का काला अध्याय होगा। अगर यही सब करवाना था तो क्या जरूरत थी चुनाव करवाने की। क्या जरूरत थी मुख्यमंत्री के छह बार आने की, क्या जरूरत थी सात मंत्री लगाने की, क्या जरूरत थी 40 विधायकों को मैदान में उतारने की। सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा कि चुनाव में सरकार ने बूथ कैप्चरिंग कार्रवाई, सपा कार्यकर्ताओं को पिटवाया। सपा एजेंट को बूथ से बाहर निकाला गया। पुलिस भाजपा कार्यकर्ता बनकर काम कर रहे थे। फिर भी मैं अपने कार्यकर्ताओं को बधाई देता हूं कि उन्होंने डटकर मुकाबला किया नहीं तो मिल्कीपुर सीट जीत का इतिहास बनता। चुनाव निरस्त कराने की यह बात सामने आने पर यह सवाल खड़ा हो रहा है कि क्या प्रतिष्ठापूर्ण सीट मिल्कीपुर सीट को लेकर मान लिया जाए कि समाजवादी पार्टी ने हार स्वीकार कर ली।

# जिले में 90 वर्ष की आयु के 7.69 हजार मतदाताओं की जांच के आदेश में जुटे बीएलओ



**गोपालगंज ( हिंस )।** एक जनवरी को प्रकाशित हुए मतदाता सूची में जिले में 90 वर्ष और उससे अधिक आयु के कुल 7069 वोटरों के नाम दर्ज हैं। ऐसे में संदेह होने पर इसकी पुष्टि के लिए निर्वाचन विभाग ने एक-एक मतदाता की जांच व सत्यापन का निर्णय लिया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने डीएम को इन बुजुर्ग मतदाताओं का सत्यापन करा रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा पत्र के माध्यम से निर्देशित किया गया है कि 01 जनवरी 2025 की अर्हता तिथि के आधार पर बीते 27 जनवरी को प्रकाशित हुई मतदाता सूची में जिले में 90 वर्ष और उससे अधिक आयु के कुल 7069 मतदाता के नाम दर्ज हैं। इनकी पुष्टि के लिए निर्वाचन विभाग ने एक-एक मतदाता की जांच व सत्यापन का निर्णय लिया है। सत्यापन का कार्य करने के लिए विभाग द्वारा एक विशेष ऐप बनाया गया है। जिसके माध्यम से बुजुर्ग मतदाताओं का सत्यापन कराकर रिपोर्ट समर्पित करना है। निर्वाचन विभाग द्वारा निर्देश दिया गया है कि आगामी विधानसभा निर्वाचनको देखते हुए सभी मतदान केंद्रों की मतदाता सूची का शुद्ध और स्वस्थ होना जरूरी है। देखा जा है कि 90 प्लस और 115 साल से भी अधिक मतदाता निर्वाचक सूची में हैं, जबकि ज्यादातर मामले प्रविष्टियों में गलती जैसे जन्मतिथि या मृत होने के बाद भी फर्म 7 भरकर विलोपन के अभाव में परिलक्षित हो रही हैं। सभी बीएलओ उक्त कार्य को गंभीरता से लें और अविलंब मतदाता सत्यापन कार्य पूर्ण करें। सभी संबंधित बीएलओ को मतदाता सूची में दर्ज पते पर जाकर बुजुर्ग मतदाता से मुलाकात करने एवं सत्यापन के लिए बनाए गए विशेष एप पर ऑन स्पॉट मतदाता से संबंधित जानकारी दर्ज करने का निर्देश दिया गया है। इस दौरान बीएलओ संबंधित मतदाता के उम्र सत्यापन के लिए आवश्यक दस्तावेजों की पड़ताल करेंगे और यदि मतदाता सूची में दर्ज तिथि गलत पाई गई तो उसमें सुधार के विकल्प का इस्तेमाल कर रिपोर्ट करेंगे। इसके अलावा यदि मतदाता पलायन यानि विस्थापित पाया गया या मृत पाया गया है। तो उसके विकल्प का इस्तेमाल कर अपनी रिपोर्ट विशेष एप के माध्यम से सीधे निर्वाचन विभाग को रिपोर्ट समर्पित करेंगे।

## गणेश मंदिर स्थापना को लेकर 108 कुमारी कन्याओं ने निकाली कलश यात्रा



**सहरसा ( हिंस )।** शहर के नया बाजार पीडब्लूडी कॉलोनी में भगवान गणेश की नागर शैली में अद्भुत मंदिर बनाया गया है, जो लोगों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। शहर के नया बाजार पीडब्लूडी कैम्पस मे नव निर्मित श्री श्री 108 गणेश मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कुमारी कन्याओं द्वारा कलश शोभा यात्रा निकाली गई। यह शोभा यात्रा पीडब्लूडी मनोकामना शिव मंदिर से निकलकर नया बाजार नरियार रोड हनुमान चौक बायपास रोड आईबी हवाई रोड होते हुए कार्यक्रम स्थल पर कलश शोभा यात्रा पहुंची। मंदिर के संस्थापक व मुख्य यजमान घनश्याम चौधरी व रीना चौधरी ने बताया कि अपने पिता चेतन चौधरी एवं माता चंद्रकला देवी की स्मृति में गणेश मंदिर की स्थापना कर मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा धूमधाम से की जा रही है। इसमें पंडित रामदेव कुमर, आनंद कुमार, चंद्र किशोर कुमर, रमन कुमर, सिंघेश्वर स्थान के पंडा दीपक कुमार ठाकुर, मंदिर के पुजारी विजय कुमार झा के द्वारा पूरे विधि विधान एवं वैदिक मित्रों के उच्चारण के साथ प्राण प्रतिष्ठा किया जा रहा है। जो शिशिर नवरात्रि के दशमी तिथि को कार्यक्रम संपन्न होगा। कार्यक्रम के मुख्य यजमान रीना देवी घनश्याम चौधरी शुभम कुमार एवं अंकित राज ने बताया कि श्री श्री 108 गणेश मंदिर की स्थापना एवं मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा को लेकर यज्ञ हवन भजन कीर्तन सत्संग एवं भंडारा का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर अजय कुमार झा, गौरव कुमार, परमेश्वर कुमार, साहिल कुमार, राजा कुमार, सुरेंद्र सिंह, मनोज चौधरी, छोटी कुमारी सहित बड़ी संख्या में कुमारी कन्याओं ने कलश शोभा यात्रा में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया। इस मौके पर भगवान गणेश की मूर्ति को रथ पर बिठाकर कलश यात्रा कलश शोभा यात्रा निकल गई। जो आकर्षण का केंद्र बना रहा। ज्ञात हो कि पीडब्लूडी नर्मदेश्वर नाथ महादेव मंदिर सें शिवरात्रि के अवसर पर पर शिव बारात की आकर्षक झांकी निकाली जाती है।



# 11वां पद्मश्री श्याम लाल मेमोरियल हॉकी टूर्नामेंट 10 फरवरी से, प्रो. बालाराम पाणि और अशोक ध्यानचंद करेंगे उद्घाटन

**नई दिल्ली**

11वें पद्मश्री श्याम लाल मेमोरियल आमंत्रण हॉकी टूर्नामेंट का आयोजन 10 से 17 फरवरी, 2025 तक श्याम लाल कॉलेज, शाहदरा के मैदान पर किया जाएगा। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में दिल्ली यूनिवर्सिटी की शीर्ष पुरुष और महिला हॉकी टीमें हिस्सा लेंगी। श्याम लाल कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रो. रबि नारायण कर ने बताया कि टूर्नामेंट का उद्घाटन 10 फरवरी, सोमवार को सुबह 10 बजे दिल्ली यूनिवर्सिटी के डीन ऑफ कॉलेजेस प्रो. बालाराम पाणि और पूर्व ओलंपियन अशोक ध्यानचंद द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर कॉलेज की चेयरपर्सन डॉ. सविता गुप्ता भी उपस्थित रहेंगी।

**10 पुरुष और 6 महिला टीमें लेंगी हिस्सा** – खेल समिति के संयोजक वी. एस. जग्गी के अनुसार, पुरुष वर्ग में 10 और महिला वर्ग में 6 टीमें लीग और नॉकआउट आधार पर खेलेंगी। शीर्ष पर रहने वाली दो टीमों के बीच फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। टूर्नामेंट के हर मैच में प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार भी दिया जाएगा।

**गत विजेता टीमें** – पिछले वर्ष पुरुष वर्ग में श्याम लाल कॉलेज और महिला वर्ग में इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंस की टीम ने खिताब जीता था। प्रो. रबि नारायण कर ने कहा कि कॉलेज स्तर पर खेलों को बढ़ावा देने और फिट इंडिया अभियान के तहत छात्रों को फिटनेस के प्रति जागरूक करने के लिए ऐसे टूर्नामेंट का आयोजन बेहद जरूरी है।

### टूर्नामेंट में भाग लेने वाली टीमें

**पुरुष वर्ग**

- 1.श्याम लाल कॉलेज
- 2. इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंस
- 3. किरोड़ी मल कॉलेज
- 4. एमिटी यूनिवर्सिटी
- 5. इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, दिल्ली
- 6. श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स
- 7. श्याम लाल कॉलेज (सांध्य)
- 8. हंसराज कॉलेज
- 9. श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज
- 10. श्याम लाल कॉलेज (एलुमनस)

**महिला वर्ग**

- 1. इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंस
- 2. भारती कॉलेज
- 3. दिल्ली यूनिवर्सिटी एलुमना

4. विवेकानंद कॉलेज
5. श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलेज
6. जानकी देवी मेमोरियल कॉलेज।

## न्यूज ब्रीफ

### द हंड्रेड: एसआरएच ने नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स फ्रेंचाइजी खरीदी



**नई दिल्ली।** सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने द हंड्रेड में नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स फ्रेंचाइजी हासिल कर ली है। यॉर्कशायर काउंटी द्वारा संचालित टीम के लिए विजयी बोली 100 मिलियन जीबीपी है। यह इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) द्वारा बेची गई छठी हंड्रेड फ्रेंचाइजी है और मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपरजायंट्स के बाद एसआरएच तीसरी आईपीएल फ्रेंचाइजी है, जिसने 100 गेंदों की प्रतियोगिता में एक टीम हासिल की है। पिछले कुछ दिनों में इंग्लिश बोर्ड ने लंदन स्पिरिट, ओवल इनविंसिबल्स, वेल्श फायर, मैनचेस्टर ओरिजिनल्स और बर्मिंघम फीनिक्स को बेच दिया है। दो और टीमें – ट्रेंट रॉकेट्स और सदर्न ब्रेव – बिक्री के लिए तैयार हैं। चेन्नई स्थित सन ग्रुप द्वारा प्रबंधित सनराइजर्स, फ्रेंचाइजी क्रिकेट के क्षेत्र में पुरानी है। वे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में हैदराबाद स्थित टीम हैं और एसए 20 में भी सनराइजर्स ईस्टर्न केप उनकी एक टीम है। वर्तमान में आईपीएल में उनका नेतृत्व पैट कमिंस कर रहे हैं, जो यकीनन सबसे सम्मानित अंतरराष्ट्रीय कप्तानों में से एक हैं। वे पिछले साल आईपीएल में उपविजेता रहे थे। एसए 20 में, वे दो बार के गत चैंपियन हैं।

### अभिषेक ने की धुआंधार बल्लेबाजी, गुरुकुल ने जीता मैच



**लखनऊ।** अंडर-25 करीम चिश्ती मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में गुरुकुल क्रिकेट क्लब ने सिद्धार्थ ग्लोबल क्लब को 211 रन से मात दे दी। इस मैच में अभिषेक सिंह ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए 70 बाल पर 102 रन बनाये। गुरुकुल क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 40 ओवर में सात विकेट गवांकर 327 रन बनाये। सलामी बल्लेबाज शिवांश सिंह मात्र 20 रन बनाकर पवेलियन लौट गये। वहीं अभिषेक सिंह ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए 11 चौका और छह छक्का की मदद से 70 बाल पर 102 रन जड़े। अभिषेक यादव ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए छह चौका और दो छक्का की मदद से 52 बाल पर 60 रन बनाये। अभिषेक यादव ने शानदार गेंदबाजी भी की और मात्र दो रन देकर तीन विकेट झटक लिये। उत्कर्ष वर्मा ने छह चौका और दो छक्का की मदद से 40 बाल पर 56 रन बनाये। आदित्य ने 38 रन का योगदान दिया। सिद्धार्थ ग्लोबल की पूरी टीम 116 रन बनाकर ही पवेलियन लौट गयी और गुरुकुल ने 211 रन से मैच को जीत लिया। अपनी टीम में हर्षित ने सबसे अधिक 33 रन बनाये।

### राष्ट्रीय खेल : ट्रैक साइक्लिंग में हरियाणा, कर्नाटक और अंडमान के साइक्लिस्टों का जलवा



**रुद्रपुर।** 38वें राष्ट्रीय खेलों के अंतर्गत शिवालिक वेलोड्रोम, रुद्रपुर में ट्रैक साइक्लिंग प्रतियोगिता के तीसरे दिन रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। विभिन्न श्रेणियों में देशभर के साइक्लिस्टों ने अपनी गति, तकनीक और रणनीति से दर्शकों को रोमांचित किया। हरियाणा ने महिला एलीट टीम परसूट में जीता स्वर्ण महिला एलीट टीम परसूट (4 किमी) स्पर्धा में हरियाणा की टीम ने स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। हिमांशी सिंह, परुल, अंशु देवी और मीनाक्षी की चौकड़ी ने 5.26.920 मिनट का समय निकालते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया। ओडिशा (5.30.423) की टीम को रजत पदक और महाराष्ट्र (5.32.643) की टीम को कांस्य पदक मिला। डेविड बेकहम ने पुरुष 1 किमी टाइम ट्रायल में मारी बाजी पुरुष एलीट टाइम ट्रायल (1 किमी) में अंडमान व निकोबार के डेविड बेकहम ने 1.06.535 मिनट में दौड़ पूरी कर स्वर्ण पदक जीता। राजस्थान के देवेंद्र बिश्नोई (1.06.644) ने रजत और मणिपुर के यांगलेम रोजित सिंह (1.07.874) ने कांस्य पदक अपने नाम किया। कीर्ति रंगास्वामी ने महिला केरिन स्पर्धा में मारी बाजी महिला एलीट केरिन (5 लैप्स) स्पर्धा में कर्नाटक की कीर्ति रंगास्वामी सी ने तेज रफ्तार और जबरदस्त तकनीक के दम पर स्वर्ण पदक जीता। महाराष्ट्र की श्वेता बालू गुंजाल को रजत और तमिलनाडु की श्रीमति जे को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। सर्विसेज ने पुरुष टीम परसूट में किया कमाल पुरुष एलीट टीम परसूट (4 किमी) में सर्विसेज की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता।

# अय्यर, अर्शदीप सिंह और युजवेंद्र चहल को लेकर समझौता नहीं कर सकता था : पंजाब किंग्स कोच रिकी पोंटिंग



**नई दिल्ली**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) फ्रेंचाइजी पंजाब किंग्स के नए मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने अपनी रणनीति और दृष्टिकोण को लेकर द होवी गेम्स पॉडकास्ट में खुलकर बातचीत की। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ने कहा कि टीम इस सीजन में पूरी तरह से बदली हुई नजर आएगी। पोंटिंग ने कहा, जिस तरह से हमें देखा जाता है, जिस तरह से हम खुद को पेश करते हैं, जिस तरह से हम प्रशिक्षण लेते हैं, जिस तरह से हम खेलते हैं और जिस तरह से हमारा नेतृत्व किया जाता है, यह इस साल वास्तव में अलग होने वाला है। सब कुछ पिछले वर्षों से अलग होगा।

आईपीएल 2025 के लिए पंजाब किंग्स ने एक मजबूत टीम तैयार की है। इस बार श्रेयस अय्यर को टीम की कमान सौंपी गई है, जो हाल ही में सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में अपनी टीम को जीत दिला चुके हैं। इसके अलावा, अनुभवी लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल और तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को टीम में शामिल किया गया है।

पोंटिंग ने बताया कि उनके लिए इन तीन खिलाड़ियों को टीम में लाना गैर-समझौता योग्य था। उन्होंने कहा, अर्शदीप को हम वापस लाना चाहते थे क्योंकि वह पिछले कुछ वर्षों से पंजाब किंग्स का हिस्सा रहे हैं। कप्तान के रूप में मैं किसी ऐसे खिलाड़ी को चाहता था, जिसके साथ मैंने पहले काम किया हो और जिसे सफलता मिली हो, इसलिए हमने श्रेयस अय्यर को चुना। इसके अलावा, मैं चहल को भी टीम में लाना चाहता था। ये तीनों खिलाड़ी हमारे लिए परफेक्ट हैं।

### भारतीय प्रतिभाओं पर फोकस

पोंटिंग ने नीलामी रणनीति पर बात करते हुए कहा कि टीम के लिए भारतीय खिलाड़ियों का सही संयोजन सबसे महत्वपूर्ण था। उन्होंने कहा, यह विदेशी खिलाड़ियों के बारे में इतना अधिक नहीं है। वे ज्यादा प्रचार में रहते हैं और बड़ी रकम हासिल करते हैं। लेकिन जहां तक मेरी रणनीति की बात है, मुझे सही भारतीय खिलाड़ियों को वापस टीम में लाना था।

टीम प्रबंधन ने अनकैप्ड भारतीय खिलाड़ी प्रभसिमरन सिंह और शशांक सिंह को भी रिटेन किया है, जो युवा प्रतिभाओं में विश्वास बनाए रखने की रणनीति को दर्शाता है।

### भारत में पोंटिंग की लोकप्रियता

रिकी पोंटिंग ने भारत में अपनी लोकप्रियता को लेकर भी बात की। उन्होंने कहा कि उन्हें अब भारतीय क्रिकेट संस्कृति की गहरी समझ हो गई है।

उन्होंने कहा, भारत में कमेंट्री करने और खिलाड़ियों के साथ काम करने से मुझे देश को बेहतर तरीके से समझने का मौका मिला है। लोग मुझे खेलते हुए देखते हुए बड़े हुए हैं, और यही वजह है कि मेरी लोकप्रियता यहां बनी हुई है।

आईपीएल 2025 के लिए पंजाब किंग्स की यह नई रणनीति कितनी सफल होगी, यह तो सीजन शुरू होने के बाद ही पता चलेगा, लेकिन पोंटिंग के नेतृत्व में टीम से बड़े बदलाव की उम्मीद की जा रही है।

# राष्ट्रीय खेल : शूटिंग स्पर्धाएं संपन्न, नीरज कुमार, सुरूचिप्रमोद की जोड़ी चमकी



**देहरादून**

38वें राष्ट्रीय खेलों की शूटिंग स्पर्धाएं त्रिशूल शूटिंग रेंज में दस दिनों तक चले जबरदस्त मुकाबलों के बाद सफलतापूर्वक संपन्न हो गईं। इस दौरान देशभर के शीर्ष निशानेबाजों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया और विभिन्न रायफल व पिस्टल श्रेणियों में नए कीर्तिमान स्थापित किए। कुमार ने जीता 50 मीटर 3-पोजीशन राइफल पुरुष स्वर्ण प्रतियोगिता के अंतिम दिन 50 मीटर एयर राइफल 3-पोजीशन पुरुष फाइनल बेहद रोमांचक रहा। सर्विसेज स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड (एसएससीबी) के नीरज कुमार ने 464.1 अंकों के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। मध्य प्रदेश के ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने 462.4 अंकों के साथ रजत पदक जीता, जबकि महाराष्ट्र के स्वप्निल सुरेश कुसेल ने 447.7 अंकों के साथ कांस्य पदक हासिल किया।

### हरियाणा ने जीता 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्वर्ण

10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम फाइनल में हरियाणा के सुरूचि और प्रमोद की जोड़ी ने राजस्थान को 17-7 के बड़े अंतर से हराकर स्वर्ण पदक जीता। राजस्थान के अंजलि शेखावत और उमेश चौधरी को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। वहीं, कांस्य पदक के लिए हुए मुकाबले में महाराष्ट्र के राही सरनोबत और प्रणव अरविंद पाटिल ने उत्तराखंड को 17-3 से हराकर तीसरा स्थान हासिल किया। क्वालीफिकेशन राउंड में हुआ जबरदस्त मुकाबला मिश्रित टीम स्पर्धा के क्वालीफाइंग राउंड में 19 टीमों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। फाइनल में हरियाणा और राजस्थान ने स्वर्ण पदक मुकाबले में जगह बनाई, जबकि महाराष्ट्र और उत्तराखंड कांस्य पदक के लिए भिड़े। नए सितारों ने किया खुद को साबित 38वें राष्ट्रीय खेलों की शूटिंग स्पर्धाएं देश के उभरते निशानेबाजों के लिए बड़ा मंच साबित हुईं। इस दौरान कई युवा खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई। समापन समारोह में विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपने समर्पण और मेहनत से इस प्रतियोगिता को यादगार बना दिया।

## कर्नाटक 54 पदकों के साथ पदक तालिका में शीर्ष पर बरकरार




उत्तराखंड में चल रहे 38वें राष्ट्रीय खेल के नौवें दिन के पदक तालिका में कर्नाटक ने 54 पदकों के साथ शीर्ष पर बरकरार है। कर्नाटक ने अब तक 28 स्वर्ण, 11 रजत और 15 कांस्य पदक जीते हैं। दूसरे स्थान पर सर्विसेज है, जिसने कुल 46 पदक (27 स्वर्ण, 10 रजत, 9 कांस्य) अपने नाम किए हैं। मध्य प्रदेश 34 पदकों (17 स्वर्ण, 7 रजत, 10 कांस्य) के साथ तीसरे स्थान पर है। महाराष्ट्र 82 पदकों के साथ सर्वाधिक कुल पदक जीतने वाला राज्य है, लेकिन इसमें स्वर्ण पदकों की संख्या 16 होने के कारण वह चौथे स्थान पर है।

# लीजेंड 90 लीग: धवन की कप्तानी में दिल्ली रॉयल्स के लिए खेलेंगे रॉस टेलर, बोले- ड्रेसिंग रूम साझा करने को लेकर रोमांचित हूं

**रायपुर**

रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में गुरुवार से लीजेंड 90 लीग की शुरुआत हो रही है। इस नए और रोमांचक 90 गेंदों के प्रारूप वाले टूर्नामेंट के उद्घाटन मुकाबले में दिल्ली रॉयल्स और छत्तीसगढ़ वॉरियर्स आमने-सामने होंगे। दिल्ली रॉयल्स टीम की कमान अनुभवी भारतीय बल्लेबाज शिखर धवन के हाथों में होगी। उनके साथ न्यूजीलैंड के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज रॉस टेलर, वेस्टइंडीज के विस्फोटक बल्लेबाज लेंडल सिमन्स, श्रीलंका के दनुश्का गुनाथिलका समेत कई अनुभवी खिलाड़ी टीम का हिस्सा होंगे।

### भारत में खेलने को लेकर उत्साहित रॉस टेलर

रॉस टेलर ने भारत में खेलने को लेकर अपनी उत्सुकता जाहिर की। उन्होंने कहा, मुझे भारत में खेलना हमेशा पसंद आया है। यहां की ऊर्जा अलग होती है और इस बार लीजेंड 90 लीग का अनूठा प्रारूप इसे और भी रोमांचक बनाएगा। टेलर ने इस नए 90 गेंदों के प्रारूप को लेकर कहा, टी20 पहले से ही तेज प्रारूप है, लेकिन 90 गेंदों की यह लीग और भी तेज होगी। इसमें बल्लेबाजों को परिस्थितियों को जल्दी समझकर तेजी से रन बनाने



होंगे, जबकि गेंदबाजों को अलग रणनीति अपनानी होगी।

### शिखर धवन के साथ खेलने को लेकर उत्साहित टेलर

टेलर ने शिखर धवन की कप्तानी में खेलने को लेकर भी उत्साह व्यक्त किया। उन्होंने कहा, मैंने शिखर के साथ कई बार अंतरराष्ट्रीय और फ्रेंचाइजी क्रिकेट में आमने-सामने मुकाबले खेले हैं, लेकिन पहली बार उनके साथ ड्रेसिंग रूम साझा करना शानदार अनुभव होगा। मैं अपनी टीम और कप्तान के लिए 100प्रतिशत देने के लिए पूरी तरह तैयार हूं।

### बिपुल शर्मा बोले- नया प्रारूप दिलचस्प और चुनौतीपूर्ण

दिल्ली रॉयल्स के ऑलराउंडर बिपुल शर्मा ने 90-बॉल फॉर्मेट को लेकर कहा, यह एक दिलचस्प और अनूठा प्रारूप है। यह पारंपरिक 10 या 20 ओवरों के प्रारूप से अलग होगा और इसके लिए मानसिक रूप से तैयार रहना जरूरी होगा।

उन्होंने टीम के संतुलन पर बात करते हुए कहा, हमारे पास शिखर धवन और रॉस टेलर जैसे अनुभवी खिलाड़ी हैं, जिनसे युवा खिलाड़ियों को सीखने का शानदार अवसर मिलेगा। हम एकजुट होकर खेल का मजा लेंगे और अपनी रणनीति को सही ढंग से लागू करेंगे।

**दिल्ली रॉयल्स टीम**

शिखर धवन (कप्तान), लेंडल सिमन्स, रॉस टेलर, जेरोम टेलर, दनुश्का गुनाथिलका, शरद लुम्बा, बिपुल शर्मा, सुमित नरवाल, परविंदर अवाना, लखविंदर सिंह, राजविंदर सिंह, पुनीत बिस्ट, अनुरीत सिंह, एंजेलो परेरा, प्रवीन गुप्ता। लीजेंड 90 लीग का पहला मुकाबला शाम 7 बजे से दिल्ली रॉयल्स और छत्तीसगढ़ वॉरियर्स के बीच खेला जाएगा, जहां प्रशंसकों को रोमांचक क्रिकेट का लुत्फ उठाने का मौका मिलेगा।

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज से वेस्टइंडीज के 2025-27 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र की होगी शुरुआत

**नई दिल्ली**

वेस्टइंडीज की पुरुष क्रिकेट टीम 2025-27 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र की शुरुआत फ्रैंक वॉरेल ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट श्रृंखला से करेगी। यह श्रृंखला 25 जून से 16 जुलाई तक खेली जाएगी। डैरेन सैमी की कोचिंग में यह वेस्टइंडीज का पहला टेस्ट असाइनमेंट होगा, जिन्होंने रेड-बॉल कोच आंद्रे कोली की जगह ली है।

श्रृंखला का पहला टेस्ट बारबाडोस के केंसिंग्टन ओवल में खेला जाएगा, दूसरा टेस्ट ग्रेनेडा नेशनल स्टेडियम में और अंतिम टेस्ट जमैका के सबीना पार्क में होगा। इसके बाद दोनों टीमें पांच टी20 मैच भी खेलेंगी।

### पाकिस्तान के खिलाफ घरेलू सत्र का समापन

वेस्टइंडीज अपनी घरेलू गर्मी का समापन 31 जुलाई से 12 अगस्त तक पाकिस्तान के खिलाफ



तीन टी20 और तीन वनडे मैचों के साथ करेगा। टी20 सीरीज फ्लोरिडा में ब्रोवार्ड काउंटी स्टेडियम में होगी, जबकि ब्रायन लारा क्रिकेट अकादमी, त्रिनिदाद में एकदिवसीय मैच खेले जाएंगे।

भारत, बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के खिलाफ विदेशी दौरे


इसके बाद वेस्टइंडीज 21 सितंबर से 23 दिसंबर तक भारत, बांग्लादेश और न्यूजीलैंड का दौरा करेगा। बांग्लादेश में टीम तीन वनडे और तीन टी20 मैच खेलेगी, जबकि न्यूजीलैंड दौरे में तीन टेस्ट, तीन वनडे और पांच टी20 मैच शामिल होंगे।

वनडे विश्व कप 2027 की तैयारी में इंग्लैंड और आयरलैंड दौरा 2023 वनडे विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने से चूकने के बाद, वेस्टइंडीज 2027 विश्व कप की तैयारी में आयरलैंड और इंग्लैंड में तीन-तीन वनडे और टी20 मैच खेलेगा। आयरलैंड में मुकाबले 21 से 25 मई तक मलाहाइड में होंगे, जबकि इंग्लैंड के खिलाफ वनडे मैच 29 मई, 1 जून और 3 जून को हेडिंग्ली, कार्डिफ और द ओवल में खेले जाएंगे। इसके बाद टीम तीन टी20 मैचों के लिए बेलफास्ट लौटेगी, जहां 15 जून को उनका यूके दौरा समाप्त होगा। वेस्टइंडीज महिला टीम का 2025 अभियान वेस्टइंडीज की महिला टीम अपने 2025 अभियान की शुरुआत 4 से 19 अप्रैल तक पाकिस्तान में विश्व कप क्वालीफायर से करेगी। इस टूर्नामेंट में छह टीमें अगस्त-सितंबर में भारत में होने वाले महिला विश्व कप के दो स्थानों के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। इसके बाद टीम 21 मई से 8 जून तक इंग्लैंड का दौरा करेगी, जहां तीन टी20 और तीन वनडे खेले जाएंगे। फिर वेस्टइंडीज की महिलाएं दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ स्वदेश में तीन वनडे और तीन टी20 मुकाबलों में भिड़ेंगी। इन सभी मैचों की मेजबानी बारबाडोस का केंसिंग्टन ओवल करेगा। वेस्टइंडीज की पुरुष और महिला टीमों के व्यस्त क्रिकेट कार्यक्रम से यह साफ है कि वे आगामी बड़े टूर्नामेंटों की तैयारी में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते।

सेहत

# खतरनाक है काली खांसी अपनाएं ये घरेलू नुस्खे

काली खांसी एक श्वसन संबंधी बीमारी है। माना जाता है कि काली खांसी बच्चों की बीमारी है लेकिन ऐसा नहीं है। यह बड़ों को भी हो जाती है। यह खतरनाक बीमारी है क्योंकि यह संक्रामक होती है यानी इस बीमारी के वायरस हवा के जरिये एक इंसान से दूसरे तक पहुंचते हैं। यह खांसी रात और दिन में बढ़ जाती है। कई बार खांसते-खांसते दम फूलने लगता है। आंखें लाल हो जाती हैं। इस खांसी को कुक्कुर खांसी भी कहते हैं। खांसी शुरू होने के लगभग 2 सप्ताह तक संक्रमित लोग सबसे ज्यादा संक्रामक होते हैं। एंटीबायोटिक्स इसके संक्रामण से काफी हद तक बचाता है।



## काली खांसी के लक्षण

### प्रारंभिक

बीमारी आम तौर पर ठंड की तरह के लक्षणों से शुरू होती है। हल्की खांसी या बुखार हो सकता है। शिशुओं में, खांसी कम या नहीं भी हो सकती है। काली खांसी बच्चों के लिए सबसे खतरनाक है। 1 वर्ष से कम उम्र के करीब आधे बच्चों को अस्पताल में देखभाल की जरूरत पड़ती है। प्रारंभिक लक्षण 1 से 2 सप्ताह तक रह सकते हैं।

### बाद के चरण के लक्षण

1 से 2 सप्ताह के बाद और जैसे-जैसे बीमारी बढ़ती है, काली खांसी के पारंपरिक लक्षण दिखाई देते हैं। इसमें लगातार आवाज के साथ बहुत तेज खांसी, तीव्र खांसी, खांसी के दौरान या बाद में उल्टी होना, खांसी के दौरे होने के बाद थकावट।

### एक जीवाणु है खांसी की वजह

यह संक्रामक बीमारी है जो कि एक प्रकार के जीवाणु से उत्पन्न होती है। इस जीवाणु को बोर्डेटेला पर्ट्रुसिसि कहते हैं। ये बैक्टीरिया ऊपरी श्वसन प्रणाली के सिलिया से जुड़ जाता है। जीवाणु विषाक्त पदार्थ बनाते हैं, जो कि सिलिया झिल्ली को नुकसान पहुंचाता है, वायुमार्ग में सूजन करते हैं। ये जीवाणु रोगी को छूने, साथ खाने, उसकी खांसी के संपर्क में आने से भी हो सकता है।

**लहसुन :**लहसुन सर्दी, जुकाम और खांसी के इलाज के लिए फायदेमंद है। काली खांसी से छुटकारे के लिए लहसुन की 5-6 कलियों को छीलकर बारीक काट लें। उन्हें पानी में उबाल लें। इस पानी से भाप लें। रोज ऐसा करने से 8-10 दिन में काली खांसी खत्म हो जाती है।

**तुलसी के पत्ते:** काली खांसी से राहत के लिए तुलसी के पत्तों और काली मिर्च को बराबर मात्रा में पीस लें। इस मिश्रण की छोटी-छोटी गोलियां बना लें। इसे दिन में तीन बार चूसें। ये गोलियां खांसी को मिटाकर गला साफ कर देती हैं।

**बादाम :** बच्चों की काली खांसी खत्म करने के लिए तीन-चार बादाम रात में पानी में भिगाकर रख दें। सुबह बादाम के छिलके उतार लें। इसे एक कली लहसुन और थोड़ी सी मिश्री के साथ पीस लें। तैयार पेस्ट की छोटी-छोटी गोलियां बनाकर बच्चे को खिलाएं। इससे खांसी में आराम मिलेगा। काली खांसी के लक्षण आमतौर पर 5-10 दिनों के भीतर संक्रमित होने के बाद विकसित होते हैं। कभी-कभी काली खांसी के लक्षण 3 सप्ताह तक विकसित नहीं होते हैं।



# होंठों पर लिप शेड से पाएं अट्रैक्टिव लुक

लड़की भले ही कोई मेकअप ना करें लेकिन होंठों पर लगा अच्छा लिप शेड ही अट्रैक्टिव लुक दे देता है। लिपस्टिक से न केवल चेहरे का लुक बदलता है, बल्कि चेहरे पर अलग सी चमक आने लगती है लेकिन अक्सर हम अपनी स्किन टोन को नजरअंदाज कर देते है और कोई भी लिपस्टिक होंठों पर लगा लेते है। फिर चाहें चेहरे पर सूट करे भी या नहीं। आज हम डस्टी स्किन की बात कर रहे है। आपकी स्किन भी डस्टी है तो हम आपको बताएंगे कि आपकी स्किन पर कौन सा लिप शेड्स सूट करेगा।

लिपस्टिक लगाने से लुक में चेंज होने के साथ-साथ पर्सनेलटी में भी निखार आता है। आप अपने मेकअप और ड्रैसअप के साथ थोड़ा अलग और ट्रैंडी लिप कलर ट्राई करके भी खुद को डिफरेंट लुक दे सकती है। वैसे भी लड़की आजकल अपने लिप कलर के साथ कई तरह के एक्सपेरिमेंट्स करके खुद को यूनिक लुक देती है। आज हम आपको ऐसे ही कुछ सबसे ज्यादा पसंद किए जाने वाले लिप कलर के बारे में बताने जा रहें है। आप इन्हें किसी पार्टी, फंक्शन या मैरिज पर भी ट्राई कर सकती है।

## लिक्विडिटेड शाइन लिपस्टिक

किसी पार्टी या फंक्शन में बॉल्ड और शाइनी लुक पाने के लिए लिक्विडिटेड शाइन लिपस्टिक बेस्ट है।

## न्यूड लिप कलर

कॉलेज, ऑफिस या पार्टी पर जाने के लिए आप ल्यू ओरियल पेरिस मैट न्यूड लिपस्टिक भी लगा सकती हैं। इस लिप करल से आपको नेचुरल लुक मिलेगा।

## चैरी लिप कलर

शादी में, हैलोवीन, कॉकटेल पार्टी, में बोल्ड और ग्लैमरस लुक के लिए चैरी लिप कलर बढ़िया है।

## बटरलिप कलर

सिंपल और एलेगेंट लुक पंसद करने वाली लड़कियों के लिए इस तरह के लिप कलर बेस्ट है।

## रेड लिप कलर

रेड लिप आजकल ट्रैंड में है। इस कलर को आप किसी भी स्किन शेड को साथ लगा सकते है। इससे आपको प्रिटी लुक मिलेगा। आप अपने सूट के साथ मैचिंग लिप शेड लगाना पसंद करती है तो ब्रिक रेड कलर ट्राई करें। यह आपको खूबसूरत लुक देगा।

## ब्राउन लिप कलर

आप अपनी किसी भी ड्रैस के साथ इस बोल्ड ब्राउन कलर को भी ट्राई कर सकती है। यह आपकी सुंदरता को और भी बढ़ा देगा।



## इस तरह करें लिप कलर्स का इस्तेमाल

### लिप शेड

अगर आप भी अपने होंठों को सेक्सी लुक देना चाहते है तो बोल्ड लिप कलर्स का इस्तेमाल करके आप उनको ओर भी खूबसूरत बना सकती है। ज्यादा डार्क कलर्स का इस्तेमाल रात को या ईवनिंग पार्टीस में ही करें और दिन में लाईट कलर्स का इस्तेमाल ही करना चाहिए। अगर आप चाहती है कि होंठों पर ज्यादा देर तक लिप कलर टिका रहा तो लिप कलर लगाने से पहले होंठों पर सबसे पहले पाऊडर या मिनरल फाउंडेशन का इस्तेमाल करें।

» लिप कलर्स लगाने से पहले हमेशा लिपलाइनर का इस्तेमाल करें इससे आपके होंठों को एक अलग शेप मिल जाएगी और आपके होंठ ओर भी आकर्षित दिखाई देगे और लिप लाइनर का इस्तेमाल करने से लिप्स की शेप उभर कर आती है।

»अगर आपको गोल्डन ड्रेस पहननी हो, तो आप ब्राइट रेड लिप कलर का इस्तेमाल भी कर सकती है। सोने से पहले लिप कलर को जरूर रिमूव करें क्योंकि इसमें मौजूद केमिकल आपके होंठों को नुकसान पंहुचा सकते है।

### डीप रेड लिप कलर

इस रेड लिप कलर में आप अपने होंठों को ग्लैमरस लुक दे सकते है। यह लुप शेड सभी स्किन टोन पर सूट करता है और बोल्ड लुक देता है।

### कॉरल लिप कलर

कॉरल लिप कलर, डस्टी स्किन की खूबसूरती को उभारने का काम करता है। अगर आपने लिपस्टिक कलैक्शन में ज्यादा से ज्यादा लिप कलर रखना चाहती है तो इस लिप कलर को भी ट्राई करें।

### बरगंडी लिप कलर

» यह लिप कलर डस्टी स्किन को बोल्ड लुक देगा। अगर आपकी स्किन भी ऐसी है तो बरगंडी लिपस्टिक कलर ट्राई करें।

## -मोव पिंक

कॉलेज पार्टी, ऑफिस फकशन, इंवेंट्स में अट्रैक्टिव लुक पाने के लिए ट्राई करें मोव पिंक। इस कलर से आपको पार्टी में ग्लैमर लुक मिलेगा।मौवे पिंक लिप कलर वैसे तो हर स्किन टोन पर सूट कर जाता है लेकिन डस्टी स्किन वाली लड़कियों के लिए यह बैस्ट आप्शन है।

उपाय

# ये आसान उपाय चुटकी में दूर करेंगे डैंड्रफ



डैंड्रफ बहुत ही कॉमन स्काल्प की समस्या है। सर्दियों में यह समस्या और भी बढ़ जाती है। यह सामान्य तौर पर त्वचा की ड्राइनेस, बैक्टीरिया या फिर फंगस की वजह से होती है। यहां आप जान सकते हैं डैंड्रफ से बचने के घरेलू और आसान उपाय...

डैंड्रफ सिर गिरने वाले छोटे-छोटे से सफेद रंग के फ्लेक्स होते हैं। थोड़ी मात्रा में डैंड्रफ होना तो नॉर्मल है क्योंकि स्काल्प से डेड स्किन सेल्स निकलती रहती है, मगर कुछ लोगों में यह समस्या बहुत ज्यादा दिखाई देती है।

आपने डैंड्रफ होने की कई वजहें पढ़ीं और सुनी होंगी लेकिन ज्यादातर साइंटिस्ट्स का मानना है कि डैंड्रफ की मुख्य वजह फंगल इंफेक्शन है। हालांकि इसका ट्रीटमेंट नैचरली भी किया जा सकता है।

## लगाएं दही-नींबू का मिक्सचर

नींबू, दही और तेल का मिक्सचर बालों पर हेयर पैक की तरह लगाएं। इसे 15 से 20 मिनट तक लगा रहने दें फिर धो दें। यह प्रक्रिया हर हफ्ते दोहराएं।

## एग योक

अगर अंडा लगाने में आपको दिक्कत नहीं है तो एग योक को इसी तरह से बालों पर लगाकर इसे प्लास्टिक बैग से कवर कर लें। 15 से 20 मिनट तक इसे बालों पर लगा रहने दें फिर बाल अच्छी तरह धो लें।

## शैंपू की जगह बेकिंग सोडा

शैंपू की जगह बाल धोने के लिए बेकिंग सोडा का इस्तेमाल करें क्योंकि यह नैचरल डैंड्रफ रिमूवर होता है।

## विनिगर

बालों पर एपल साइडर विनिगर लगाकर 20 मिनट तक छोड़ दें इसके बाद इसे धो दें।

## होम-मेड नीम पैक

एक चौथाई कप नीम का जूस लेकर इसमें कोकोनट मिल्क और बीटरूट जूस मिलाएं और एक बड़ा चम्मच नारियल का तेल भी मिलाएं। सारी सामग्री को एकसाथ मिलाएं और इसकी स्काल्प पर मसाज करें। 20 मिनट बाद हर्बल शैंपू से धो दें।

## ये उपाय भी हैं काम के

» टी-ट्री ऑइल शैंपू इस्तेमाल करें।

» एक हिस्सा माउथवॉश में 9 हिस्से पानी मिलाकर शैंपू करने के बाद लगा लें। इसे धोएं नहीं।

» ऐलोवेरा जेल में ऐंटी फंगल प्रॉपर्टी होती है, इसे स्काल्प पर लगाएं.

# कार मेनटिनेंस के बेसिक नियम जानना जरुरी

**आप** कार चलाते हैं तो आपको कार मेनटिनेंस के बेसिक्स पता होने चाहिए। इसके लिए कुछ छोटी-मोटी चीजें भी आप ध्यान में रखें और प्रैक्टिस में ले आएं तो बढ़िया रहेगा। आगे क्लिक करके देखें कि कार मेनटेन करने के बेसिक्स हैं क्या...

## छोटी गड़बड़ पर हों अलर्ट

कार में जब भी कोई दिक्कत होने लगे, तुरंत उसे ठीक करवाएं। कार में हल्की फुल्की लगने वाली गड़बड़ी बाद में बड़ी हो जाएगी और तब पैसा भी ज्यादा लगेगा और समय भी।

## सिस्टमैटिक मेनटेनेन्स

सिस्टमैटिक तरीके से कार का मेनटेनेन्स करें। यह ध्यान रखें कि जब भी आप कार का रेग्युलर चेकअप करवा रहे हों तो कार का फ्ल्यूड चेंज करना, इसके अंदर के हिस्सों को ढंग से साफ करना और उसमें प्रॉपर ऑयलिंग करना शामिल है। क्रैक आ चुके पार्ट्स, टूटे या मुड़ चुके पार्ट्स का मतलब है कि उनका ढंग से लुब्रिकेशन नहीं हुआ है।



## इंजन का प्रॉपर लुब्रिकेशन

किसी इंजन का प्रॉपर लुब्रिकेशन उसके बेहतरीन कंडिशन में रखने की पहली शर्त है। हां यह भी ध्यान रखें कि कार में बाइक का लुब्रिकेशन न यूज करें। कंपनियां इस चीज को ध्यान में रखकर प्रॉडक्ट बना रही हैं और पेट्रोल इंजन व डीजल इंजन के लिए अलग-अलग तरह के लुब्रिकेंट्स आते हैं। उसी के मुताबिक प्रॉडक्ट का यूज करें तभी पूरा फायदा मिलेगा।


## कार भीतर से साफ रखे

कार में साफ कपड़ा हमेशा रखें। किसी तरह ही हल्की या छोटी गंदगी भी धीरे-धीरे जम जाती है अंदर। इसलिए, खाने पीने की गंदगी इकट्ठा न होने दें। कपड़े से पोंछ दिया करें।

## पॉलिश और ड्राई सीट क्लीनर्स

बाजार में बहुत सारे पॉलिश और ड्राई सीट क्लीनर्स आते हैं। अपने इंटीरियर्स को इससे साफ रखें। क्रोम, वुड, डैशबोर्ड को इस पॉलिश से साफ रखें। इससे कार का नया लुक हमेशा कायम रहेगा।

# शू रैक को ऐसे करें साफ, नहीं जमेगी धूल-मिट्टी



घर के अंदर अगर सबसे ज्यादा धूल मिटटी आती है तो इसकी वजह है हमारे जूते। फैशन के हिसाब से लोग अपनी ड्रैसिस के साथ मैच करते फुटवियर पहनते हैं। जिन्हें संभाल कर रखना कोई आसान काम नहीं। घर के अंदर इधर-ऊधर बिखरे हुए जूते घर को और भी गंदा कर देते हैं। इन्हें आसानी से संभाल कर रखने के लिए शू रैक का इस्तेमाल किया जाता है लेकिन ज्यादा दिनों तक इसे साफ न किया जाए तो महंगे शूज भी खराब हो जाते हैं। शू रैक को आसानी से साफ करने के लिए आप कुछ

## 1. साफ जगह पर रखें

शू रैक को हमेशा साफ जगह पर ही रखें। खुली जगह पर रखने से इस पर धूल-मिट्टी बहुत जल्दी पड़ जाती है। जिससे जूते भी गंदे हो जाते हैं। कोशिश करें कि रैक को हमेशा ढक कर रखें।

## 2. नमी से बचाएं

शू रैक में आप अपने कीमती जूते संभाल कर रखते हैं लेकिन रैक को रखने से पहले इस बात की जांच कर लें कि जगह में नमी न हो। नमी की वजह से लकड़ी के रैक को दीमक लगने का डर रहता है। जिससे जूते भी खराब हो सकते हैं।

## 3. हर हफ्ते करें सफाई

जिस तरह घर की सफाई करनी बहुत जरूरी है उसी तरह हर हफ्ते रैक की सफाई भी करें। इसे फुटवियर और रैक दोनों सुरक्षित रहेंगे।

## 4. लोहे का रैक को ऐसे करें साफ

लकड़ी की बजाय लोहे के रैक की सफाई का खास ख्याल रखना पड़ता है। इसे आसानी से साफ करने के लिए आप शू रैक को साफ करने के लिए बाजार से किट भी ला सकते हैं।

इस रैक को पानी से साफ करने पर जंग लगने का डर रहता है।

खाना खजाना

# तिल खोया के लड्डू



## सामग्री

तिल के बीज : 500 ग्राम
खोया : 500 ग्राम
चीनी पाउडर : 500 ग्राम
बादाम : 60 ग्राम
किशमिश : 60 ग्राम
हरी इलायची : 1/2 छोटा चम्मच
तेल : ग्रीस के लिए
बादाम : गार्निश के लिए

## विधि

पैन में 500 ग्राम तिल के बीजों को लाइट बाउन होने तर भून लें। भूननें के बाद इसे ब्लैंडर में डालकर अच्छी तरह ब्लैंड कर लें। दूसरे पैन में 500 ग्राम खोया डालकर हल्का बाउन होने तक पकाएं। इसके बाद इसे ठंडा होने के लिए रख दें। एक बाउल में खोया, 500 ग्राम चीनी पाउडर, ब्लैंड तिल के बीज, 60 ग्राम बादाम, 60 ग्राम किशमिश और 1/2 छोटा चम्मच हरी इलायची डालकर मिक्स करें। अपने हाथों में थोड़ा-सा तेल लगाएं। इसमें से थोड़ा-सा मिक्चर लेकर हाथों से गोलें बना लें। अब इसे बादाम के साथ ग्रानिश करें। आपके तिल खोया के लड्डू बनकर तैयार हैं। अब आप इसे सर्व करें।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए ईको प्रिंटिंग प्रेस, पोस्ट एवं पीएस : गड़चुक, कटाबाड़ी मस्जिद के पास, कामरूप (मेट्रो), गुवाहाटी-35 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा**, मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 ( संपादकीय )** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **( सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन )**